रोहतक

मंगलवार, 16 अप्रैल 2024

चैत्र मास शुक्ल पक्ष, अष्टमी वर्ष : 28, अंक : 79

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**

अधि. 35.6

न्यून. 21.4


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





05 गुजराती ने फिर दूसरे वरीय नाकामूरा को हराया



*एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में बोले पीएम मोदी, हम देश कल्याण के लिए काम कर रहे समय बर्बाद नहीं करना चाहते*

# मेरे मन में बड़े प्लान, फैसले किसी को डराने वाले या दबाने वाले नहीं, राम मंदिर मुद्दा था, लेकिन यह विपक्ष के हाथ से निकल गया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मेरे फैसले किसी को डराने के लिए नहीं हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर उनके (विपक्ष) लिए राजनीतिक हथियार था। अब हुआ क्या..राम मंदिर बन गया। उनके हाथ से मुद्दा निकल गया। पीएम मोदी ने यह बात एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कही। इसे सोमवार को जारी किया गया। इंटरव्यू में राम मंदिर, डीएमके का सनातन विरोधी मुद्दा, यूक्रेन-रूस जंग, इलेक्टोरल बॉन्ड, भारत के विकास का रोडमैप जैसे कई मुद्दों पर बात की।

**आपने कहा, लक्ष्य 2024 नहीं, 2047 है तो 2047 तक क्या होने वाला है? क्या चुनाव महज फॉर्मेलिटीज हैं।**

**पीएम:** मैं समझता हूं कि 2047 और 2024 दोनों को मिक्सअप नहीं करना चाहिए। दोनों अलग चीजें हैं। देश जब आजादी के 75 साल मना रहा था, उसी समय मैंने यह विषय लोगों के सामने रखना शुरू किया था। मैं कहता था कि 2047 में देश की आजादी के 100 साल होंगे। ये मील का पत्थर होगा। दूसरा है 2024-इसमें चुनाव का जो क्रम है, वो आया हुआ क्रम है। मैं मानता हूं कि चुनाव एक ऑल टूगेदर डिफरेंट थिंग है। यह बहुत बड़ा महापर्व है।

**आप कहते हैं, अभी तो ट्रेलर है, बहुत कुछ करने वाला हूं। 2047 तक ये कैसे कामयाब होगा?**

**पीएम :** मेरे मन में बहुत बड़े-बड़े प्लान होते हैं। उसके लिए बड़े-बड़े फैसले हैं। किसी को भी डरने की जरूरत नहीं है। मेरे निर्णय किसी को डराने, दबाने के लिए नहीं हैं। मेरे निर्णय देश के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण के लिए हैं। मैं देश बिगाड़ना और समय बर्बाद नहीं करना चाहता। मैंने ज्यादा से ज्यादा करने और सही दिशा में जाने का प्रयास किया है।

**मोदी की गारंटी लोकप्रिय हो रही है। लोग कह रहे हैं कि उम्मीदवार जरूरी नहीं है, वोट तो सिर्फ मोदी को जा रहा है। ये टर्मिनोलॉजी इम्पॉर्टेंट होती है।**

**पीएम :** चुनाव में उम्मीदवार ही नहीं, हर मतदाता इम्पॉर्टेंट होता है। बूथ लेवल का कार्यकर्ता भी जरूरी होता है। कैंडिडेट भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। ये कह देना कि किसी का कोई महत्व नहीं, ये गलत है। नहीं तो इतना बड़ा चुनाव ही नहीं होता। जहां तक गारंटी का सवाल है, शब्दों के प्रति जो कमिटमेंट होना चाहिए, वो तो चलती का गाड़ी, कुछ भी बोल दो जैसा हो गया है।

**राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को राजनीतिक रंग नहीं चढ़ना चाहिए था, लेकिन हो गया। इसे कैसे देखते हैं?**

**पीएम :** जब हमारी पार्टी पैदा भी नहीं हुई थी, उस समय अदालत में ये मामला निपटाया जा सकता था। विभाजन के समय तय कर सकते थे कि इतनी चीजें है, तय कर लो, जो नहीं किया गया। ये वोट बैंक का हथियार था, इसलिए इसे पकड़कर रखा गया, भड़काया गया। राम मंदिर एक राजनीतिक मुद्दा था लेकिन बनने के बाद यह विपक्ष के हाथ से निकल गया।

**डीएमके ने सनातन के विरोध में बयान दिए। उनका एंटी-सनातन एजेंडा रहा है। इस पर क्या कहेंगे।**

**पीएम:** यह सवाल हमें कांग्रेस से पूछना चाहिए। वो कांग्रेस, जिसके साथ महात्मा गांधी का नाम जुड़ा था। इंदिरा गांधी रुद्राक्ष की माला खुलेआम पहनकर घूमती थीं। आखिर कांग्रेस की कौन सी मजबूरी है कि सनातन के खिलाफ इतना जहर उगलने वाले लोगों के साथ खड़ी है। डीएमके तो शायद इस नफरत में ही पैदा हुई होगी। लोग भी नफरत के खेल को अस्वीकार करने लगे हैं।

**रूस-यूक्रेन में दुश्मनी रोकने को हस्तक्षेप किया?**

**पीएम:** दोनों राष्ट्रपति के साथ मेरे मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं। मैंने कहा कि भारत के इतने लोग, नौजवान फंसे हुए हैं। मुझे आपकी मदद चाहिए।

**मस्क भारत आने वाले हैं, उन्होंने कहा था वे आपके प्रशंसक हैं। क्या हम भारत में स्टारलिंक, टेस्ला देखेंगे?**

**पीएम:** मस्क मोदी के प्रशंसक हैं, वो अपनी जगह है। असल में वे भारत के प्रशंसक हैं।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश में आज दो घंटे देरी से खुलेंगे स्कूल

**चंडीगढ़)।** प्रदेश में एक दिन के लिए सभी स्कूलों का समय बदला है। ये आदेश हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से जारी किए गए हैं। मंगलवार को दुर्गा अष्टमी के चलते फैसला लिया है। मंगलवार को सभी स्कूल सुबह 10 बजे से शुरू होंगे और दोपहर 2:30 बजे तक पढ़ाई होगी। यह समय शिक्षकों और बच्चों के लिए समान है। विभाग ने दुर्गा अष्टमी के त्योहार को देखते हुए दो घंटे की छूट दी है। ब्यूरो

### ट्रायल कोर्ट ने केजरीवाल की कस्टडी 23 तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** शराब नीति घोटाले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली। उधर, राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी है। केजरी की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी ने दलीलें रखीं। एजेंसी

### ओडिशा में बस पुल से नीचे गिरी, 5 की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के जाजपुर में कोलकाता जा रही एक बस पुल से नीचे गिर गई। इस हादसे में एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई और 40 लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त बस में 50 यात्री सवार थे। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने हादसे पर शोक जताया है। एजेंसी

### कविता की जमानत अर्जी पर सीबीआई को नोटिस

**नई दिल्ली।** एक कोर्ट ने कथित दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार बीआरएस नेता के. कविता की जमानत अर्जी पर सीबीआई को नोटिस जारी किया। सीबीआई और ईडी के मामलों के लिए विशेष कोर्ट ने कविता को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। भाषा

### अमरनाथ यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण शुरू

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण सोमवार से शुरू हो गया है। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) की घोषणा के अनुसार, दक्षिण कश्मीर में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर की 52 दिवसीय यात्रा 29 जून से शुरू होगी। भाषा

# चुनाव में धनबल रोकने को ईसी अलर्ट, हर दिन सौ करोड़ जब्त

- **मतदान से पहले 44 दिन में 4658.13 करोड़ जब्त**
- **आयोग ने लोकसभा चुनाव में 75 साल का रिकॉर्ड तोड़ा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में धनबल रोकने के लिए चुनाव आयोग (ईसी) पूरी तरह से अलर्ट पर है। चुनाव अधिकारी एक मार्च से हर दिन 100 करोड़ रुपये मूल्य की जब्ती कर रहे हैं। आयोग ने बताया कि प्रवर्तन अधिकारी लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होने से पहले ही 4658.13 करोड़ रुपये की जब्ती कर चुके हैं, जो 2019 लोकसभा चुनावों में की गई 'कुल जब्ती से अधिक' है। चुनाव आयोग ने जब्ती के मामले में लोकसभा चुनाव के 75 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। चुनाव के इतिहास में ये अब तक की सबसे बड़ी जब्ती है। आयोग ने 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान 3475 करोड़ रुपये जब्त किए थे। जब्त सामान में कैश, सोना-चांदी, शराब, ड्रग्स और कीमती सामान शामिल हैं।



**ये जब्त किया**

- 2068.85 करोड़ के ड्रग्स
- 1142.49 करोड़ का मुफ्त बांटे जाने वाला सामान
- 562.10 करोड़ की कीमती धातुएं
- 489.31 करोड़ की शराब
- 395.39 करोड़ की नकदी

**तमिलनाडु में सबसे ज्यादा कैश**

- तमिलनाडु में सबसे ज्यादा 53 करोड़ कैश, तेलंगाना में 49 करोड़, महाराष्ट्र में 40 करोड़, कर्नाटक और राजस्थान में 35-35 करोड़ रुपये से ज्यादा जब्त किए गए हैं।
- कर्नाटक में सबसे ज्यादा 124.3 करोड़ की शराब सीज की गई।
- प. बंगाल में 51.7 करोड़, राजस्थान में 40.7 करोड़, उत्तर प्रदेश में 35.3 करोड़ और बिहार में 31.5 करोड़ रुपये की शराब जब्त की गई।

**इन राज्यों में सबसे ज्यादा ड्रग्स जब्त**

- कुल जब्ती में 45 फीसदी ड्रग्स और नशीले पदार्थ हैं। गुजरात से सबसे ज्यादा करीब 485.99 करोड़ के ड्रग्स मिले हैं। तमिलनाडु में 293.02 करोड़, पंजाब में 280. 81 करोड़, महाराष्ट्र में 213.56 करोड़ और दिल्ली में 189. 94 करोड़ के ड्रग्स जब्त किए गए हैं। इनके अलावा भी सभी एजेंसियां और राज्यों की पुलिस भी लगातार छापे मार रही हैं।

**चुनाव के ऐलान से पहले 7502 करोड़ जब्त किए**

ईसी ने सोमवार को बताया कि चुनावों की आधिकारिक घोषणा से पहले जनवरी और फरवरी में कुल 7502 करोड़ रुपये जब्त किए गए थे। इस तरह, जनवरी से 13 अप्रैल तक कुल 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती जा चुकी है।

**क्या है नियम**

16 मार्च को लोकसभा चुनावों की घोषणा के बाद से देश भर में आदर्श आचार संहिता लागू है। आचार संहिता के दौरान कैश, शराब, ज्वेलरी और अन्य मुफ्त सामानों को साथ लाने और ले जाने को लेकर कई नियम होते हैं, ताकि चुनाव में इनके दुरुपयोग को रोका जा सके। एयरपोर्ट पर 10 लाख तक कैश और 1 किलो तक सोना ले जाने की छूट है। इससे ज्यादा कैश या सोना होने पर जब्ती का प्रावधान है। इससे ज्यादा मिलने पर सामान और नकदी जब्त कर ली जाती है।

### अंबाला में 2.15 करोड़ की हेरोइन के साथ दो पकड़े



**अंबाला।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीआईए वन ने नशे की एक बड़ी खेप के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों से सवा दो करोड़ रुपये की 400 ग्राम हेरोइन, तीन लाख रुपये और एक गाड़ी जब्त की है। एसपी जश्नदीप सिंह रंधावा ने बताया कि सीआईए वन ने अंबाला छावनी में इन लोगों को पकड़ा है। इनके खिलाफ महेशनगर थाना में केस दर्ज किया गया है। आरोपित रजनीश उर्फ लाडी ने बताया कि उसने दिल्ली के चंद्र विहार वासी अमरजीत सिंह से नशे की खेप ली थी।

### चुनावी बॉण्ड रद करने के फैसले पर पुनर्विचार हो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर इस अदालत के 15 फरवरी के उस फैसले पर पुनर्विचार का अनुरोध किया है, जिसमें मोदी सरकार की राजनीतिक चंदे की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया गया था। वकील मैथ्यूज जे. नेदुम्पारा द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका में कहा गया कि इस अदालत ने (योजना के खिलाफ) याचिका पर विचार किया और इस बात पर ध्यान दिए बिना ही कानून और योजना को रद्द कर दिया कि ऐसा करके वह संसद पर अपीलीय प्राधिकारी के रूप में कार्य कर रहा है। याचिका में कहा गया कि अदालत ने ऐसे मामले पर अपने विवेक का प्रयोग किया, जो विधायी और कार्यकारी नीति के विशिष्ट क्षेत्र में आता है।

### चंडीगढ़ चुनाव आयोग ने 4.48 करोड़ का सामान पकड़ा

**चंडीगढ़।** चुनाव आयोग ने चंडीगढ़ से अब तक 4.4 8 करोड़ का सामान चुनाव के मद्देनजर अलग-अलग नाकों पर जब्त किया है। इसमें कमीशन ने 96.90 लाख रुपये नगद जब्त किए हैं, जबकि 29027 लीटर शराब बरामद की है। जिसकी बाजार में कीमत करीब 91.57 लाख रुपये है। इसके अलावा, चुनाव आयोग को 2 करोड की ड्रग, 52.67 लाख के गहने हाथ लगे हैं। इलेक्शन कमीशन ने पिछले 1 मार्च से लेकर 13 अप्रैल तक का यह डाटा जारी किया है।

**कमानी चौक के पास हादसा**

# यमुनानगर में बच्चों से भरा ऑटो पलटा, छात्रा की मौत, 5 घायल

## स्कूल से छुट्टी के बाद ऑटो से घर लौट रहे थे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

कमानी चौक के पास बड़ा हादसा हुआ है। यहां मॉडल टाउन स्थित एसडी पब्लिक स्कूल के बच्चों से भरा ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली आठ वर्षीय छात्रा हिमानी की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य बच्चे घायल हो गए हैं। प्रदेश के लोग महेंद्रगढ़ में स्कूल बस पलटने से हुई 6 बच्चों की मौत के मामले में अभी सदमे से निकल भी नहीं पाए थे कि दूसरे हादसे ने स्कूल जा रहे बच्चों की सुरक्षा पर फिर से सवाल खड़ा कर दिया है। शहर जगाधरी थाना प्रभारी जगदीश चंद्र का कहना है कि आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।



यमुनानगर में सड़क हादसे में हुई स्कूली बच्चे की मौत के बाद विलाप करते परिजन। फोटो : हरिभूमि

- बच्चों की सुरक्षा पर फिर उठे सवाल
- रेड लाइट जंप कर आए जमेटो कर्मी की बाइक टकराई
- मरने वाली बच्ची तीसरी कक्षा की छात्रा थी

**ऐसे हुआ हादसा**

ऑटो के आगे अचानक जोमेटो कंपनी के कर्मी की बाइक आ गई, जिसे बचाने के चक्कर में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। पुलिस ने बाइक चालक को हिरासत में ले लिया। वीना नगर निवासी ऑटो चालक पंकज ने बताया कि वह दोपहर के समय बच्चों को स्कूल से छुट्टी के बाद घर लेकर जा रहा था। ऑटो में उसका नौ साल का बेटा अंश, भावी, विराट, देवांश, ईमानी, हिमानी मौजूद थे। जब वह कमानी चौक के पास पहुंचे तो जोमेटो कंपनी के कर्मी की बाइक उसके सामने आ गई। जिसे बचाने के चक्कर में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया और हादसा हो गया।

### महेंद्रगढ़ स्कूल बस हादसे में 2 और गिरफ्तार

- हादसे से पहले ड्राइवर ने इनके साथ ही पी शराब
- जीएल स्कूल में 700 छात्र, सोमवार को एक भी नहीं आया

**महेंद्रगढ़।** कनीना में निजी स्कूल की बस पलटने से 6 बच्चों की मौत के मामले में पुलिस ने सोमवार को 2 और आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इनकी पहचान भूदेव और नरेश उर्फ कालिया निवासी सेहलंग के रूप में हुई। इस बीच बस ड्राइवर धर्मेंद्र का लाइसेंस रद करने के लिए आरटीए को लिखा गया है। गिरफ्तार किए गए भूदेव और नरेश उर्फ कालिया बस ड्राइवर धर्मेंद्र के साथी हैं और हादसे से पहले सभी ने साथ बैठ कर शराब पी थी। पुलिस अब तक मामले में कुल 7 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इन चारों साथियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। अभी ड्राइवर धर्मेंद्र, जीएलपीएस स्कूल प्रिंसिपल दीप्ति राव व सचिव होशियार सिंह अभी पुलिस रिमांड पर हैं।

### सलमान के घर फायरिंग करने वाला कालू गुरुग्राम का वासी

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** बॉलीवुड स्टॉर सलमान खान के घर फायरिंग करने के मामले में गुरुग्राम कनेक्शन सामने आया है। सलमान के मुंबई स्थित घर पर फायरिंग करने वाले 2 शूटरों में एक विशाल उर्फ कालू गुरुग्राम के महावीरपुरा का रहने वाला है। वह लॉरेंस सिंडिकेट में शामिल गैंगस्टर रोहित गोदारा का करीबी है। रोहित के कहने पर ही कालू ने 29 फरवरी को रोहतक में क्रिकेट बुकी सचिन की हत्या की तो उसका नाम क्राइम की लाइमलाइट में आया। जैसे ही कालू के बारे में पुलिस को पता चला तो एसटीएफ, गुरुग्राम पुलिस के साथ दिल्ली पुलिस की एक टीम भी कालू के घर पर जांच के लिए पहुंची।



लॉरेंस सिंडिकेट में शामिल गैंगस्टर रोहित गोदारा का करीबी

### इंडिगो के विमान की चंडीगढ़ में आपात लैंडिंग

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** अयोध्या से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की एक फ्लाइट दिल्ली में मौसम खराब होने के कारण वहां लैंड नहीं कर पाई। इसके बाद इसे चंडीगढ़ डाइवर्ट किया। वहां जब फ्लाइट को लैंड कराया गया तो उस समय फ्लाइट में केवल 2 मिनट का फ्यूल बचा था। घटना 13 अप्रैल की है। यह शिकायत अपने सोशल मीडिया अकाउंट से दिल्ली पुलिस के डीसीपी क्राइम सतीश कुमार ने की है।

*जज बोले-कुछ लोग अपने फायदे के लिए ज्यूडीशियरी पर दबाव बना रहे*

# अब 21 रिटायर्ड जजों ने भी सीजेआई को लिखी चिट्ठी

*न्यायपालिका इस दबाव से बचाने के लिए उचित कदम उठाए*

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** अब सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट्स के 21 रिटायर्ड जजों ने सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ को चिट्ठी लिखी है, जिसमें उन्होंने बताया है कि कुछ लोग सोचे-समझे ढंग से दबाव बनाकर, गलत सूचनाएं व सार्वजनिक रूप से अपमानित करके न्यायपालिका को कमजोर करने की कोशिशें कर रहे हैं। ये लोग ओछे राजनीतिक हित और व्यक्तिगत लाभ के लिए न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम कर रहे हैं। चिट्ठी लिखने वाले 21 जजों में से 4 सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज हैं, जबकि बाकी 17 राज्यों के हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस या अन्य जज हैं। 14 अप्रैल को सीजेआई को भेजे गए ओपन लेटर में जजों ने उन घटनाओं के बारे में नहीं बताया है, जिसके कारण उन्हें इसे लिखना पड़ा।

**हमारी ईमानदारी पर सवाल उठ रहे**

जजों ने लिखा-हम कानून के संरक्षक, हमारी ही ईमानदारी पर सवाल उठ रहे सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस (रिटायर्ड) दीपक वर्मा, कृष्ण मुरारी, दिनेश माहेश्वरी और एमआर शाह समेत रिटायर्ड जजों ने आरोप लगाया है कि आलोचक अदालतों और जजों की ईमानदारी पर सवाल उठाने के साथ ज्यूडीशियल सिस्टम पर असर डालने के लिए धोखा देने वाले तरीके अपना रहे हैं। इस तरह की कार्रवाइयां न केवल हमारी न्यायपालिका की पवित्रता का अपमान करती हैं, बल्कि न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों के लिए सीधी चुनौती देते हैं, जिन्हें बनाए रखने के लिए कानून के संरक्षक के रूप में जजों ने शपथ ली है।

**हमें चिंता, जनता का भरोसा न उठे**

पत्र में जजों ने ज्यूडीशियरी से जनता का भरोसा उठने की आशंका जताई है। उन्होंने लिखा- हम विशेष रूप से गलत जानकारी से ज्यूडीशियरी के खिलाफ जनता की भावनाओं को भड़काने वाले टैक्टिक्स को लेकर चिंतित हैं, जो न केवल अनैतिक है, बल्कि हमारे लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों के लिए नुकसानदायक भी है। किसी के विचारों से मेल खाने वाले अदालती फैसलों की चुनिंदा तौर पर तारीफ और जो फैसले विचारों से मेल नहीं खाते, उनकी तीखी आलोचना करने का चलन ज्यूडिशियल रिव्यू और कानून को कमजोर करता है।

**26 मार्च को 600 वकीलों ने लिखी थी चिट्ठी**

इससे पहले 600 से ज्यादा वकीलों ने भी सीजेआई को चिट्ठी लिखकर कर कहा था कि एक विशेष समूह न्यायपालिका पर दबाव डालने की कोशिश कर रहा है। यह ग्रुप न्यायिक व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है और अपने घिसे-पिटे राजनीतिक एजेंडे के तहत उथले आरोप लगाकर अदालतों को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है।

**आईएमडी का अनुमान** एक जून से 30 सितंबर के बीच 106 फीसदी बारिश संभव

*महापात्र बोले, इस बार स्थितियां भारत में अच्छे मानसून के अनुकूल, 20 राज्यों में होगी अच्छी बरसात*

# हरियाणा समेत देश में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने अपने पूर्वानुमान में सोमवार को बताया कि इस साल मानसून के दौरान हरियाणा समेत पूरे देश में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है। आईएमडी के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि पूरे देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून के तहत एक जून से 30 सितंबर के बीच मानसून ऋतुनिष्ठ वर्षा दीर्घावधि औसत (लॉंग पीरियड एवरेज ... एलपीए) का 106 फीसदी होने की संभावना है। महापात्र ने कहा कि आईएमडी अपने पूर्वानुमान में अल नीनो, ला नीनो, हिंद महासागर द्विध्रुव स्थितियां और उत्तरी गोलार्ध में बर्फीले आवरण संबंधी स्थिति के प्रभाव पर विचार करता है और यह सभी स्थितियां इस बार भारत में अच्छे मानसून के अनुकूल हैं।



**औसत पेश किया :** उत्तर पश्चिम, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से ज्यादा वर्षा होने की बहुत संभावना है। महापात्र ने कहा कि 1971 से 2020 तक के बारिश के आंकड़ों के आधार पर हाल के वर्षों में नई दीर्घावधि औसत पेश किया गया है, जिसके तहत एक जून से 30 सितंबर के बीच पूरे देश में औसतन 87 सेंटीमीटर बारिश होती है। अगर ऋतुनिष्ठ वर्षा दीर्घावधि औसत की 96 फीसदी से 104 प्रतिशत के बीच होती है तो वह सामान्य मानी जाती है।

**यह भी संभावना**

आईएमडी प्रमुख ने कहा कि दीर्घावधि औसत की 106 फीसदी बारिश सामान्य से अधिक की श्रेणी में आती है और अगर वर्षा दीर्घावधि औसत की 105 फीसदी से 110 फीसदी के बीच होती है तो इसे सामान्य से अधिक माना जाता है। आईएमडी प्रमुख के मुताबिक, वर्तमान में भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र पर अल नीनो की मध्यम स्थिति बनी हुई है तथा मानसून ऋतु के शुरुआती दौर में अल नीनो की स्थिति और कमजोर होकर तटस्थ अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ईएनएसओ) स्थितियों में परिवर्तित होने की संभावना है और इसके बाद अगस्त-सितंबर में ला नीना स्थितियां विकसित होने की संभावना है।




# केंद्र की राजनीति में सूरजभान-सैलजा की खूब बोली तूती , कटारिया-रामप्रकाश रह गए पीछे

## अंबाला सुरक्षित सीट से चार बार चुने गए सूरजभान केंद्रीय मंत्री के साथ लोकसभा के डिप्टी स्पीकर भी रहे, बाद में तीन राज्यों के राज्यपाल भी बने

अशोक अटवाल ▶▶ अंबाला

केंद्र की राजनीति में दो दलित नेताओं की खूब तूती बोली। अंबाला लोकसभा (सुरक्षित) सीट से जीतने वाले इन नेताओं में एक नेता थे स्वर्गीय चौधरी सूरजभान व दूसरी कुमारी सैलजा। चौधरी रामप्रकाश भी यहां से चार बार सांसद रहे लेकिन केंद्रीय राजनीति में वे चमक नहीं बिखेर पाए। उनके मुकाबले सूरजभान व सैलजा को ज्यादा ख्याति मिली। सूरजभान इस सीट से रिकार्ड चार बार जीतकर केंद्रीय मंत्री व लोकसभा के डिप्टी स्पीकर तो रहे ही। बाद में वे तीन राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार व हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल भी





रहे। इसी वजह से वे अब तक उनकी गिनती राज्य के बड़े दलित नेताओं में होती है। कुमारी सैलजा को छोड़कर इस सुरक्षित सीट से जीतने वाला कोई दूसरा नेता उनके सामने कामयाबी के मामले में नहीं ठहरता। यूं तो एक बार भाजपा के रतनलाल कटारिया भी दो बार यहां से सांसद बनकर एक बार केंद्रीय राज्यमंत्री बन चुके हैं। 1971 में अंबाला लोकसभा सीट से जीत हासिल करने वाले कांग्रेस के उम्मीदवार रामप्रकाश ने सूरजभान को बड़े अंतर से पराजित किया था। तब रामप्रकाश को 196709 वोट मिले थे जबकि सूरजभान को 74433 वोटों पर ही संतोष करना पड़ा। रामप्रकाश को 122276 मतों से बड़ी जीत मिली थी। मगर 1977 के चुनाव में सूरजभान ने हिसाब चुकता कर दिया। तब सूरजभान ने जीत हासिल करते हुए 264590 वोट हासिल किए थे जबकि रामप्रकाश 99096 वोट ही हासिल करने में कामयाब रहे। तब रामप्रकाश को 165494 वोट से शिकस्त मिली थी। चौधरी सूरजभान की वजह से ही देश में ऑल इंडिया ऑल पार्टी एससी एमपी फोरम का गठन हुआ था। उन्होंने ने ही सभी पार्टियों के एससी सांसद को एकजुट किया था। जिसके बाद ही फोरम का गठन हुआ। यह फोरम अब भी है। अब भी दलित सांसद इसका हिस्सा हैं। भाजपा में एससी मोर्चा सैल का जनक भी सूरजभान को ही माना जाता है। सबसे पहले इसकी पैरवी भी उन्होंने ने ही की थी। अंबाला लोकसभा सुरक्षित सीट से पहली बार 2004 में चुनाव मैदान में उतरीं कुमारी सैलजा ने वोट हासिल करने के पुराने रिकार्ड ध्वस्त कर दिए। सैलजा को इस चुनाव में कुल 415264 वोट हासिल हुए जबकि भाजपा के रतनलाल कटारिया को 180329 वोट ही मिले थे।

### ऐसे चली अंबाला की राजनीति

कटारिया को 234935 वोटों से शिकस्त झेलनी पड़ी। हालांकि 2009 के चुनाव में सैलजा की जीत का ग्राफ गिरकर 14 हजार ही रह गया था। इस चुनाव में सैलजा को करीब सवा 2 लाख वोटों का नुकसान हुआ था। इसके बाद सैलजा राज्यसभा में सांसद बन गई। हालांकि 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में रतनलाल कटारिया पहले कांग्रेस के राजकुमार वाल्मीकि व बाद में कुमारी सैलजा को शिकस्त देने में कामयाब रहे। तीन बार सांसद बनने के बावजूद कटारिया दलितों के बड़े नेता नहीं बन पाए। जबकि इस मामले में कुमारी सैलजा अभी केंद्र व राज्य की राजनीति में बड़ा नाम है।

---

## भाजपा के सामने 2019 दोहराने की चुनौती

# चुनाव समर फतह करने के लिए बिछने लगी बिसात

**विपक्ष तैयार** कांग्रेस व इनेलो भाजपा को रोकने की प्लानिंग में जुटे

**पत्ते नहीं खोले** बसपा और जजपा ने नहीं खोले पत्ते, दलों को इंतजार

भगवान सिंह राणा ▶▶ यमुनानगर

लोकसभा चुनाव के 18वें महापर्व के लिए हरियाणा में धीरे धीरे चुनावी शतरंज की बिसात बिछने लगी है। अहम बात यह है कि लोकसभा के इस चुनावी समर में क्या भाजपा अपना वर्ष 2019 के चुनाव का इतिहास फिर से दोहरा पाएगी या फिर कांग्रेस व इनेलो समेत उसके रिकार्ड को ध्वस्त कर सकेंगी। यह अभी भविष्य के गर्भ में है। मगर चुनावी समर में शतरंज की बिसात बिछने से राजनैतिक गलियारों में राजनैतिक चर्चाएं गर्म होने लगी हैं। वर्ष 2019 में बनाया भाजपा ने रिकार्ड वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा ने प्रदेश में पहली बार लोकसभा चुनाव अपने दम पर लड़ा।

जिसमें उसने प्रदेश की सभी दस सीटों पर जीत दर्ज की। इस दौरान भाजपा को प्रदेश में 73 लाख 57 हजार 347 मत मिले। जो कुल मतों का 58.0 प्रतिशत मत रहा और वह सभी दस सीटों पर जीत दर्ज करने में सफल रही। जबकि कांग्रेस को कुल 36 लाख 4 हजार 106 मत मिले और उसका मत प्रतिशत 28.4 प्रतिशत रहा। मगर वह प्रदेश में एक भी सीट जीतने में सफल नहीं हो सकी।

खास बात यह रही कि इस चुनाव में इनेलो को कुल 2 लाख 40 हजार 258 मत मिले और उनका मत प्रतिशत 1.9 प्रतिशत रहा। जबकि अन्य दलों को 14 लाख 79 हजार 825 मत मिले और मत प्रतिशत 11.7 प्रतिशत रहा। वर्ष 2019 के चुनाव में प्रदेश की सभी दस सीटों पर 233 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहे। जिनमें भाजपा के अंबाला से रतनलाल कटारिया (342345), भिवानी-महेंद्रगढ़ से धर्मवीर सिंह (444463), फरीदाबाद से कृष्णपाल गुज्जर (638239), गुरुग्राम से राव इंद्रजीत सिंह (386256), हिसार से बृजेंद्र सिंह (314068), करनाल से संजय भाटिया (656142), कुरुक्षेत्र से नायहब सिंह सैनी (384591), रोहतक से अरविंद शर्मा (7503), सिरसा से सुनीता दुग्गल (309918) व सोनीपत से रमेश चंद कौशिक (164864) मतों के मार्जन से चुनाव जीत कर संसद में पहुंचे।



### किसी भी राजनीतिक दल की राह आसान नहीं

वर्ष 2024 के चुनाव में इस बार प्रदेश के मतदाता किस राजनीतिक दल पर दांव खेलते हैं यह अभी भविष्य के गर्भ में है। मगर चुनावी समर जीतना इस बार भाजपा समेत अन्य पार्टियों के लिए जीतना आसान रहने वाला नहीं हैं

### 2014 में भाजपा ने जीती थी सात सीटें

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव को भाजपा ने जनहित कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। इस दौरान भाजपा ने प्रदेश में आठ सीटों पर चुनाव लड़ा और सात सीटों पर जीत दर्ज करने में सफलता हासिल की थी। जबकि उसकी गठबंधन की साथी जनहित कांग्रेस पार्टी दो सीटों पर चुनाव लड़ी और एक सीट पर जीत दर्ज करने में सफल रही। वहीं, इनेलो इस चुनाव में दो सीटों पर विजय प्राप्त करने में सफल रही। खास बात यह रही की लोकसभा 2014 के चुनाव में भाजपा को कुल 39 लाख 93 हजार 527 मिले और उसका मत प्रतिशत 34.7 प्रतिशत रहा। जबकि कांग्रेस को कुल 26 लाख 34 हजार 905 वोट मिले और मत प्रतिशत 22.9 प्रतिशत रहा। मगर कांग्रेस इस चुनाव में एक भी सीट जीतने में सफल नहीं हुई। वहीं, इनेलो को 27 लाख 99 हजार 899 मत मिले और मत प्रतिशत 24.4 प्रतिशत रहने से वह दो सीटों पर विजय हासिल करने में सफल रही। इस चुनाव में अन्य दलों को कुल 20 लाख 66 हजार 820 मत मिले और वोट प्रतिशत 18.0 प्रतिशत रहा। इस चुनाव में प्रदेश में कुल 240 उम्मीदवारों ने अपने भाग्य को आजमाया। जिसमें सात सीटों पर भाजपा, दो पर इनेलो व एक पर जनहित कांग्रेस के उम्मीदवार जीतने में सफल रहे।

---


## सियासी हलचल

### पूर्व गृहमंत्री का ऐलान, मैं अपने विधानसभा क्षेत्र में ही प्रचार करूंगा



**अंबाला।** पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि मैं अपने विधानसभा क्षेत्र में ही इस बार प्रचार करूंगा। यहां से कमल खिलाने का कार्य करूंगा क्योंकि जो अब मेरे साथ हुआ है, वह मुझे भी समझ आ गया है इसलिए मैं अब यहीं रहूंगा। विज सोमवार को मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अब मेरे साथ जो हुआ है और मुझे भी समझ आ गया है इसलिए मैं अब यहीं रहूंगा। प्रचार के लिए बाहर नहीं जाउंगा।

## राष्ट्र प्रथम की भावना से बना है मोदी की गारंटी वाला संकल्प पत्र : मनोहर लाल



**गुरुग्राम।** पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में राष्ट्र प्रथम की भावना है। मोदी की गारंटी वाला संकल्प पत्र देश के हर वर्ग और हर व्यक्ति को ध्यान में रखकर बनाया गया है। सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल गुरुग्राम के एक होटल में भाजपा के संकल्प पत्र पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। यहां संकल्प पत्र के हरेक प्वाइंट्स को अच्छे से रखा और पत्रकारों के हर सवाल का जवाब बेबाकी से दिया। सबसे पहले मनोहर लाल ने भाजपा के संकल्प पत्र का उद्देश्य पत्रकारों के सामने रखते हुए कहा कि मोदी की गारंटी वाले संकल्प पत्र का लक्ष्य भारत को आत्मनिर्भर बनाना है। भाजपा ने दस साल के शासन के दौरान हर व्यक्ति और हर परिवार की चिंता की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के संकल्प पत्र में गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी आदि चारों वर्गों को आत्मनिर्भर बनाने का वादा किया है। हर वर्ग के कल्याण की सोच लेकर चल रहे है।

---

**रोहतक** टिकट के आश्वासन पर लोकसभा चुनाव में मदद को तैयार

कोसली में आम कार्यकर्ताओं का उत्साह नजर आ रहा गायब, सांसत में कांग्रेस के दिग्गज

# दीपेंद्र के पास टिकट मांगने वालों की फौज, अखर रही कार्यकर्ताओं की कमी

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

रोहतक लोकसभा क्षेत्र से दीपेंद्र हुड्डा का कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ना लगभग तय माना जा रहा है। पिछले लोकसभा चुनावों में कोसली हलके में बड़ी हार के कारण सीट गवां चुके दीपेंद्र का हलके के छोटे-बड़े नेताओं को साथ जोड़ने पर ही ज्यादा फोकस रहा है। आम कार्यकर्ताओं को तवज्जो नहीं मिलने से उनका दीपेंद्र के चुनाव को लेकर उत्साह गायब नजर आ रहा है। टिकट के आश्वासन पर अपने साथ जोड़े गए नेताओं से भी बड़े चमत्कार की उम्मीद कम नजर आ रही है। कार्यकर्ताओं की नाराजगी कोसली में दीपेंद्र को एक बार फिर झटका दे सकती है।

लगभग 2.5 लाख मतदाताओं वाले इस विधानसभा क्षेत्र का महत्व नया हलका बनने के बाद से ही बढ़ा हुआ है। रोहतक लोकसभा क्षेत्र का यह अकेला हलका अहीर बाहुल्य है। गत लोकसभा चुनावों में मुकाबला जाट और नॉन जाट प्रत्याशी में बदल गया था, जिस कारण भाजपा प्रत्याशी डा. अरविंद शर्मा को इस हलके में 70.94 फीसदी वोट मिले थे। उनके प्रतिद्वंद्वी दीपेंद्र हुड्डा को कोसली के मतदाताओं ने 25.8 फीसदी मतों पर समेट दिया था, जिससे कई हलकों में जीत दर्ज करने वाले दीपेंद्र को हार का सामना पड़ा था। दीपेंद्र ने हार के बावजूद कोसली हलके पर पूरा फोकस किया। हलके में हुई करारी हार को जीत में बदलने के लिए उन्होंने आम कार्यकर्ताओं से ज्यादा नेताओं पर भरोसा जताया है। कांग्रेस के पुराने नेताओं में उनके पास पूर्व विधायक राव यादुवेंद्र सिंह हैं। यादुवेंद्र वर्ष 2009 में बने इस हलके के पहले विधायक रह चुके हैं। वह चुनाव जीतने के बाद अक्सर हलके से गायब रहे थे, जिस कारण वर्ष 2014 व 2019 में उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा था। हार के बाद भी उनकी कार्यकर्ताओं से लगातार दूरी बनी रही। एक बार फिर से विधानसभा की सीट हुड्डा पिता-पुत्र के जरिए कंफर्न करने के लिए उन्होंने लोकसभा चुनाव से पहले सक्रियता बढ़ाई है, लेकिन जनाधा के नाम पर यादुवेंद्र के हाथ खाली नजर आ रहे हैं। दीपेंद्र हुड्डा ने व्यक्तिगत जनाधार रखने वाले पूर्व मंत्री जगदीश यादव को कोसली में अपने साथ जोड़ लिया था, ताकि गत लोकसभा चुनावों में हुए नुकसान की भरपाई की जा सके। यादुवेंद्र और जगदीश के बीच छत्तीस का आंकड़ा उन्हें परेशान कर रहा है।


दीपेंद्र हुड्डा


यादवेन्द्र सिंह


जगदीश यादव


अनिल पाल्हावास

---


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 139 दिनांक 09.4.24 धारा 346 IPC थानापुरानी सब्जी मण्डी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** रवि
**पिता/पति का नाम-** पुत्र देवी चन्द
**पता-** तेज कालोनी रोहतक जिला रोहतक।
**उम्र-** 26 वर्ष
**कद-** 5 फुट 7 इंच
**हुलिया-** रंग सांवला, लमबूतरा चेहरा, पतला शरीर, काले बाल, काली आंखे।
**पहनावा-** सफेद रंग की टीशर्ट, ग्रे रंग लोवर व पैरों में मेहरुम चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 09.04.24 को रवि पुत्र देवी सिंह निवासी तेज कालोनी रोहतक थाना पुरानी सब्जी मण्डी जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक - 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक-9466552082

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 214 दिनांक 10.04.24 धारा 365 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** खुशी और पूजा
**पिता/पति का नाम -** पुत्रियां जशराज सिंह
**पता-** गांव मायना जिला रोहतक।
**उम्र-** 15 वर्ष व 17 वर्ष
**कद-** 4 फुट 2 इंच व 5 फुट 2 इंच
**हुलिया-** रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे ।
**पहनावा-** पता नहीं है।
दिनांक 10.04.24 को खुशी और पूजा पुत्रियां जशराज सिंह गांव मायना जिला रोहतक थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक बिना किसी को बताए चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक - 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9992412692

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 119 दिनांक 09.04.24 धारा 346 IPC थाना सांपला जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** सीमा
**पिता/पति का नाम -** पत्नी सोनू
**पता-** गांव अटायल सांपला जिला रोहतक।
**उम्र-** 30 वर्ष
**कद-** 5 फुट 4 इंच
**हुलिया-** रंग गोरा, गोल चेहरा, पतला फुर्तिला शरीर, काले बाल काली आंखे।
पहनावा - नीले रंग का सूट सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 09.04.24 को सीमा पत्नी सोनू निवासी गांव अटायल सांपला जिला रोहतक थाना सांपला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 9812228281

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 56 दिनांक 11.04.24 धारा 346 IPC थाना बहुअकबरपुर जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** अश्वनी
**पिता/पति का नाम -**
**पता -** गांव सिंहपुरा जिला रोहतक ।
**उम्र-** 32 वर्ष
**कद-** 5 फुट 6 इंच
**हुलिया-** रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल काली आंखे, पिट्ठू बैग लिए हुए
**पहनावा -** लाईट कलर शर्ट व ब्लू जीन्स, पैरों में जूते पहने हुआ है।
दिनांक 11.04.24 को अश्वनी निवासी गांव सिंहपुरा जिला रोहतक थाना बहुअकबरपुर रोहतक बिना किसी को कुछ बताए अपनी मर्जी से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना बहुअकबरपुर रोहतक - 7082999223
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना बहुअकबरपुर रोहतक- 9466628481

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 212 दिनांक 10.04.24 धारा 365 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** मधु
**पिता/पति का नाम-** पुत्री मंशाराम
**पता-** गली नम्बर 4 शीतल नगर जिला रोहतक।
**उम्र-** 17 वर्ष
**कद-** 5 फुट 2 इंच
**हुलिया-** रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे।
**पहनावा-** हरे रंग सूट सलवार व पैरों में सफेद जूती पहने हुए है।
दिनांक 10.04.24 को मधु पुत्री मंशाराम निवासी गली नम्बर 4 शीतल नगर रोहतक थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक 7015911371
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9813238170

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 98 दिनांक 11.04.24 धारा 346 IPC थाना सदर जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** पूनम अपने बच्चों सत व शौर्य
**पिता/पति का नाम** – पत्नी अनूप सिंह
**पता -** गांव धामड जिला रोहतक।
**उम्र-** 35 वर्ष
**कद-** 4 फुट 6 इंच
**हुलिया-** रंग गेहुआं, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल काली आंखे।
**पहनावा -** लाल कमीज काला लोवर व पैरों में काले रंग की चप्पल पहने हुआ है।
दिनांक 11.04.24 को पूनम पत्नी अनूप सिंह गांव धामड जिला रोहतक अपने बच्चों सत व शौर्य को साथ लेकर बिना किसी को बताए चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना सदर रोहतक 7082999123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सदर रोहतक- 8050515583

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 213 दिनांक 10.04.24 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** अनिल उर्फ गुड्डू
**पिता/पति का नाम -** पुत्र चमनलाल
**पता -** अंबेडकर कालोनी जिला रोहतक ।
**उम्र-** 39 वर्ष
**कद-** 5 फुट 2 इंच
**हुलिया-** रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे।
**पहनावा-** काली व मेहरुम टीशर्ट, ग्रे रंग का लोवर व पैरों में सफेद चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 10.04.24 को अनिल उर्फ गुड्डू पुत्र चमनलाल निवासी अंबेडकर कालोनी जिला रोहतक थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7015911371
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9416519072

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 215 दिनांक 12.04.24 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** जसबीर
**पिता/पति का नाम -** पुत्र धर्मपाल
**पता-** श्री राम नगर कालोनी जिला रोहतक।
**उम्र-** 44 वर्ष
**कद-** 5 फुट 3 ईच
**हुलिया-** रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे। बाईक साथ लेकर गया है
**पहनावा** - पता नहीं है।
दिनांक 12.04.24 को जसबीर पुत्र धर्मपाल निवासी श्री राम नगर कालोनी जिला रोहतक थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक बिना किसी को बताए चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 8708274941

पीआरडीएच-1084/11/2278/2025/26103/88/6 दि. 15.04.24




# चुनावी रण में जीत के लिए फिर जोर-आजमाइश करेगा देवीलाल का कुनबा

रवींद्र राठी ▸▸| बहादुरगढ़

वर्ष-1952 में सिरसा आउटर से कांग्रेस की टिकट पर पहली बार विधायक बने देवीलाल की सियासी हैसियत लगातार बढ़ती रही। भारतीय राजनीति के ताऊ कहे जाने वाले चौधरी देवीलाल वर्ष 1987 से लेकर 1991 तक देश की राजनीति के केंद्र बिंदु में बने रहे थे। अपने राजनीतिक जीवन में उन्होंने विभिन्न सदनों के 22 चुनाव लड़े और 12 बार जीत हासिल की। उनका परिवार भी राजनीति में लगातार सक्रिय बना रहा और चुनाव लड़ता रहा। इस लोकसभा चुनाव में भी इस परिवार के कई सदस्य चुनावी रण में उतरने को कमर कस रहे हैं।

- ताऊ देवीलाल ने जीवन में लड़े थे 22 चुनाव और 12 में हासिल की थी जीत, परिवार ने भी खूब बढ़ाई सियासी हैसियत



चौधरी देवीलाल, ओमप्रकाश चौटाला रणजीत सिंह अजय चौटाला अभय चौटाला

### सिरसा से लेकर महम विस सीट से जीत हासिल की

जी हां, देवीलाल ने सिरसा से लेकर महम विधानसभा सीट से जीत हासिल की। सोनीपत-रोहतक से लेकर राजस्थान की सीकर लोकसभा सीट से विजय प्राप्त की। चंडीगढ़ से लेकर दिल्ली की सियासत में वर्चस्व स्थापित करने वाले देवीलाल ने जमीनी पकड़ नहीं गंवाई। यही कारण है कि कई दशक बाद भी राजनीति में उनके नाम का बोलबाला बरकरार है। हालांकि देवीलाल के परिवार में पहले राजनेता उनके भाई साहब राम थे। साहब राम 1938 में हिसार से कांग्रेस के विधायक चुने गए थे। फिर कांग्रेस की टिकट पर 1952 में सिरसा से विधायक बने देवीलाल का वर्ष 1971 में कांग्रेस से मोह भंग हो गया। वर्ष 1977 में जनता पार्टी का दामन थामने के बाद देवीलाल 1988 से लेकर 1990 तक जनता दल में रहे। फिर 6 साल वे समाजवादी जनता पार्टी में रहे और 1996 में उन्होंने इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) की स्थापना की।

### चुनावी योद्धा के रूप में विख्यात है ताऊ देवीलाल का परिवार

देवीलाल दो बार हरियाणा के मुख्यमंत्री से लेकर देश के उपप्रधानमंत्री की कुर्सी पर विराजमान रहे। चुनावी मैदान में एक मजबूत योद्धा के रूप में विख्यात रहे ताऊ देवीलाल का परिवार भी चुनावी रण में उतरने की महारत रखता है। देवीलाल के चार बेटों में से बड़े प्रताप सिंह भी विधायक बने। रणजीत सिंह भी प्रदेश के कृषि मंत्री से बिजली मंत्री तक का दायित्व संभाल चुके। ओमप्रकाश चौटाला ने पांच बार हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। ओमप्रकाश चौटाला के बड़े बेटे अजय सांसद भी रहे और विधायक भी। दूसरे बेटे अभय सिंह वर्तमान में भी विधायक हैं। अजय चौटाला के पुत्र दुष्यंत चौटाला भी सांसद से लेकर उपमुख्यमंत्री की शपथ ले चुके हैं। करीब 7 दशकों से राजनीति में सक्रिय इस कुनबे में अब देवीलाल की विरासत का असली हकदार साबित करने के लिए जोर-आजमाइश हो रही है। इनेलो और जजपा के बैनर तले अजय चौटाजा व अभय चौटाला अपने-अपने दावे कर रहे हैं।

### पहले भी बनी थी दो-राह

वर्ष 1982 के विधानसभा चुनाव में लोकदल ने 31 सीटें जीती थी। सतबीर मलिक, चंद्रावती देवी और ओमप्रकाश बेरी समेत उनके 6 प्रत्याशी हार गए थे। उनकी हार के पीछे ओमप्रकाश चौटाला का हाथ होने के आरोप लगने के बाद देवीलाल ने उनसे किनारा कर लिया था। भजनलाल के सीएम बनने के बाद देवीलाल ने न्याय युद्ध चलाया। फिर 1987 में देवीलाल ने 90 में से 85 सीटें जीतकर सरकार बनाई। रणजीत सिंह को कृषि मंत्री बनाया। लेकिन 2 दिसंबर 1989 को देवीलाल उपप्रधानमंत्री बन गए। सीएम बनने के लिए देवीलाल परिवार में होड़ मच गई। लेकिन ओमप्रकाश चौटाला मुख्यमंत्री बन गए और रणजीत सिंह ने लोकदल से अपनी राह अलग कर ली। वे कांग्रेस में शामिल हो गए।

### परिवार हुआ आमने-सामने

लोकसभा चुनाव-2024 का रण तैयार हो रहा है। अभय चौटाला ने कुरुक्षेत्र से ताल ठोक दी है। भाजपा ने रणजीत चौटाला को हिसार से मैदान में उतार दिया है। इनेलो ने भी सुनैना चौटाला को प्रत्याशी बनाने का ऐलान कर दिया है। जजपा से नैना चौटाला को प्रत्याशी बनाए जाने की अटकलें भी लग रही हैं। यह अलग बात है कि हिसार लोकसभा क्षेत्र देवीलाल परिवार को खास रास नहीं आया है। ओमप्रकाश चौटाला 1984 में कांग्रेस के बीरेंद्र सिंह के हाथों पराजित हुए थे। कांग्रेस की टिकट पर रणजीत चौटाला को भी 1998 में यहां से हार का सामना करना पड़ा था। फिर 2010 के उपचुनाव में अजय चौटाला कुलदीप बिश्नोई से हार गए थे। हालांकि 2014 में हिसार से चुनाव जीतकर दुष्यंत चौटाला ने हार का यह सिलसिला रोका था।

## नवरात्र पर विशेष



### अष्टम-महागौरी

भगवती दुर्गा का आठवां स्वरूप महागौरी कहलाता है। देवी के इस सौम्य और सात्विक स्वरूप की लोक कामना की जाती है, इसलिए दुर्गाष्टमी के दिन इस स्वरूप की आराधना के लिए विशेष अनुष्ठान किए जाते हैं। भगवान शिव की घोर तपस्या करके देवी ने शंख, इन्दु और कुंद के समान गौरवर्ण प्राप्त किया था, इसलिए वह महागौरी कहलाती हैं। महागौरी के वस्त्राभूषण श्वेत, स्वच्छ हैं। वह सुवासिनी, शांत और निर्मल चित वाली शांत मुद्रा में हैं। उनके एक हाथ में डमरू तो दूसरे हाथ में त्रिशूल है। इनका वाहन वृषभ (बैल) है। महागौरी ने शुम्भ नामक दानव का संहार किया था। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत की ओर प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी की आराधना का मंत्र है-

*श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।*
*महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा॥*

## परिवहन मंत्री असीम गोयल से मिले निजी स्कूल संचालक

# व्यवस्था सुधारने के लिए स्कूल संचालकों को मिले 10 दिन

- कनीना हादसे के बाद बसों को इंपाउंड करने और चालानका चल रहा था अभियान
- 10 दिनों में जिन भी स्कूल बसों में खामिया हैं, उन्हें दूर कर दिया जाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़




हरियाणा प्रोग्रेसिव स्कूल कांफ्रेंस के पदाधिकारियों की ओर से परिवहन मंत्री और अंबाला शहर के विधायक असीम गोयल से मुलाकात की गई, जिसके बाद में स्कूल संचालकों को परिवहन व्यवस्था में सुधार के लिए दस दिनों का वक्त दे दिया गया है। एचपीएससी अधिकारियों के साथ बैठक, स्कूल संचालकों को व्यवस्था सुधारने के लिए मिला 10 दिनों का वक्त दिए जाने का स्वागत किया है। परिवहन मंत्री असीम गोयल से मिलने के बाद एचपीएससी के पदाधिकारियों ने रखी थी स्कूल संचालकों की बात, मंत्री के आदेशों के बाद एसीएस ट्रांसपोर्ट व एसीएस एजुकेशन के साथ हुई एचपीएससी मैंबरों की बैठक। कनीना हादसों के बाद बसों को इंपाउंड करने और चालानका चल रहा था अभियान बस हादसे के बाद प्रदेशभर में हरियाणा सरकार द्वारा निजी स्कूल संचालकों द्वारा चलाई जा रही बसों की चैकिंग शुरू की गई। जिसमें कई स्कूलों की बसों को इंपाउंड किया तो कई बसों के चालान किए गए। इसी बीच हरियाणा प्रोग्रेसिव स्कूल कॉन्फ्रेंस पदाधिकारियों ने परिवहन मंत्री असीम गोयल से मुलाकात की और स्कूल संचालकों का पक्ष रखा। परिवहन मंत्री असीम गोयल ने तुरंत एचपीएससी के पदाधिकारियों व एसीएस ट्रांसपोर्ट एवं एसीएस एजुकेशन के साथ मीटिंग करवाई। एचपीएससी व अधिकारियों के बीच चली मीटिंग के दौरान परिवहन मंत्री गोयल द्वारा विशेषतौर पर नियुक्त किए रितेश गोयल भी विशेषतौर पर मौजूद रहे। चंडीगढ़ में आयोजित की मीटिंग के बाद सोमवार शाम को सहमति बन गई कि स्कूल संचालकों को अपने वाहनों के दस्तावेजों को पूरा करने के लिए 10 दिन का समय दिया जाएगा। उसके बाद चैकिंग अभियान चलाएंगे और खामिया मिलने पर चालान व वाहनों को इम्पाउंड किया जाएगा। गोयल के आदेशों के बाद सोमवार को चंडीगढ़ में एचपीएससी के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चंद्र व अन्य पदाधिकारियों के साथ एसीएस ट्रांसपोर्ट एवं एसीएस एजुकेशन की मीटिग हुई। मीटिंग के दौरान सुरेश चंद्र ने बताया कि कनीना हादसे के बाद स्कूलों की तुरंत चैकिंग शुरू कर दी गई है, सरकार द्वारा नई स्कूल ट्रांसपोर्ट पॉलिसी बनाई गई है। उन्होंने कहा कि नई पॉलिसी के तहत सभी दस्तावेजों को पूरा करने के लिए कम से कम 10 दिन का समय दिया जाए।

### स्कूल एजुकेशन के कई मुद्दों पर भी चर्चा

सुरेश चंद्र ने कहा कि 10 दिनों में जिन भी स्कूल बसों में खामिया हैं, उन्हें दूर कर दिया जाएगा। करीब एक घंटा चली बैठक के बाद स्कूल एजुकेशन के कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। सुरेश चंद्र ने कहा कि वह हरियाणा के परिवहन मंत्री असीम गोयल का विशेषतौर पर धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने एचपीएससी के पदाधिकारियों की बात को सुना और तुरंत स्कूल संचालकों की परेशानियों को दूर करने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक करवाई। परिवहन मंत्री द्वारा मीटिंग के लिए विशेषतौर पर नियुक्त किए गए रितेष गोयल, एचपीएससी के जोनल इंचार्ज प्रशांत मुंजाल, सेकेटरी डिपिन राय, विभू भट्टनागर, राजीव कुमार, दीपक कुमार, प्रवक्ता सौरभ कपूर मौजूद रहे।

## पीके दास ने पद ग्रहण किया



चंडीगढ़। हरियाणा स्टेट एनवायरमेंट असेसमेंट अथॉरिटी चेयरमैन पद पर पी के दास ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया, इस अवसर पर विभाग के अधिकारियों ने पी के दास का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद सेक्टर 2 पंचकूला स्थित पर्यटन भवन में पर्यावरण विभाग के अधिकारियों के औपचारिक बैठक में पीके दास ने कहा की हम सब मिलकर विभाग के उद्देश्यों के लिए काम करेंगे।

### रेवाड़ीः ट्रैक में महिला के पैर फंसने के बाद हुआ हादसा

## अलवर रेल लाइन पर देवर भाभी की ट्रेन से कटकर मौत

*मेडिकल स्टोर से दवा लाने के लिए गई थी महिला*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बावल

गांव रूद्ध के एक युवक और उसकी भाभी की रेल की चपेट में आने से मौत हो गई। युवक की शादी दो दिन पूर्व ही हुई थी। जीआरपी ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल भिजवाया दिया। महिला का रेलवे ट्रैक में पैर फंसने के बाद देवर ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर दोनों की मौत हो गई।

रूद्ध निवासी लगभग 22 वर्षीय कमल उर्फ तोता एक कंपनी में कार्यरत था। उसकी शादी 2 दिन पहले ही गुरूग्राम के एक गांव में हुई थी। सोमवार को कमल अपनी भाभी 25 वर्षीय पिंकी के साथ उसके 2 साल के बेटे को डॉक्टर के पास इलाज के लिए ले गया था। बच्चे को डॉक्टर से दिखाकर दोनों घर लौट रहे थे। चिराहड़ा रेलवे स्टेशन पर पिंकी अपने बच्चे को छोड़कर मेडिकल स्टोर से दवा लाने के लिए गई थी। रेलवे लाइन क्रास करते समय उसका पैर ट्रैक में फंस गया। इसी दौरान अलवर रेल मार्ग पर एक ट्रेन गुजर रही थी। भाभी का पैर फंसने के बाद कमल बचाने के लिए ट्रैक पर कूद गया, लेकिन इसी दौरान दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद जीआरपी ने मौके पर जाकर शवों को कब्जे में ले लिया। परिजनों के मौके पर पहुंचने के बाद जीआरपी ने शवों का पोस्टमार्टम करा दिया।



मृतका पिंकी। मृतक कमल

## खबर संक्षेप

### एमएचयू को मिला उत्कृष्ट उद्यान विवि का अवार्ड

**चंडीगढ़।** महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय,करनाल द्वारा बागवानी क्षेत्रों में किए जा उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए कृषि व्यापार शिखर सम्मेलन एवं पुरस्कार नामक संस्था द्वारा होटल पार्क हयात, हैदराबाद भारत में आयोजित कार्यक्रम में देशभर के उद्यान विभागों में से एमएचयू को उत्कृष्ट उद्यान विश्वविद्यालय का पुरस्कार से नवाजा गया जो हरियाणा के लिए बड़े गर्व की बात है।

### लाइन पर काम करते समय एएलएम झुलसा

**चरखी दादरी।** गांव बौंद कलां में बिजली लाइन पर काम करते समय एएलएम को करंट लगने से बुरी तरह झुलस गया। जिसको गंभीर हालत में दाखिल करवाया है। एएलएम की शिकायत पर पुलिस ने बिजली निगम जेई के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दादरी जिला के गांव माई कलां आशीष ने बताया कि वह सब डिविजन सांजरवास के गांव बौंद कलां में बतौर एएलएम कार्यरत हूं। बौंद के शिकायत केंद्र में जलघर की बिजली लाइन में फॉल्ट की सूचना मिली थी। वह जेई के आदेश पर दो अन्य कर्मचारियों के साथ जलघर की बिजली लाइन ठीक करने गया था।

### आईएएस पीसी मीणा को पितृशोक

**चंडीगढ़।** हरियाणा के आईएएस अधिकारी पीसी मीणा के पिता मोती लाल मीणा गत सांय स्वर्ग सिधार गए। 86 वर्षीय मोती लाल मीणा कुछ समय से बीमार थे उनका गुरुग्राम में इलाज चल रहा था। सभी दायित्वों का बखूबी निर्वाह करते हुए वे अपना भरा-पूरा परिवार छोड़ कर गए हैं।

## सट्टा खिलाने वाले पर दबाव बनाकर मांगे रुपये

# एसएचओ व एएसआई 50 हजार रुपये की रिश्वत के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

एंटी करप्शन ब्यूरो गुरुग्राम की टीम ने एक सट्टा खिलाने वाले व्यक्ति दो माह की मंथली के रूप में 50 हजार रुपये लेने के आरोप में सदर थाना एसएचओ व एक एएसआई को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

एसीबी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गोकलगढ़ निवासी सुनील सट्टा खिलाने का काम करता है। सुनील के अनुसार वह थाना सदर पुलिस को सट्टा खिलाने की ऐवज में हर माह 25 रुपये मंथली के रूप में देता रहा है। दो माह से धंधा नहीं चलने के कारण वह पुलिस को मंथली नहीं दे सका। आरोप है कि एएसआई कमल दो माह की मंथली के रूप में एकमुश्त 50 हजार रुपये देने का सुनील पर दबाव बना रहा था। एसएचओ के नाम पर मंथली मांगने की रिकॉर्डिंग करने के बाद सुनील ने उसे एसीबी गुरूग्राम को सौंप दिया। एसीबी की टीम ने शिकार करने के लिए जाल बिछा दिया। सुनील को पाउडर लगे नोट देकर कमल से संपर्क करने को कहा। कमल ने उसे थाना सदर के बगल में बने पुलिस क्वार्टरों में उसे बुला लिया। जैसे ही कमल ने यह राशि पकड़ी, एसीबी की टीम ने उसे दबोच लिया।



एसएचओ सुनील एएसआई कमल

## राज्यपाल ट्रेन से पहुंचे गुरुग्राम



चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सोमवार को गुरुग्राम से चंडीगढ़ का सफर रेल से तय किया। उन्होंने गुरुग्राम से चंडीगढ़ जाने के लिए कार या हवाई जहाज की बजाए वन्दे भारत ट्रेन से सफर करने को तरजीह दी। उनके इस सफर में उनके साथ अन्य सदस्यगण भी शामिल रहें। बंडारू दत्तात्रेय ने इस रेल यात्रा के दौरान अन्य यात्रियों को वंदे भारत ट्रेन में दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया और पिछले कुछ समय में रेलवे व्यवस्था में हुए सुधारों का भी अनुभव हासिल किया। उन्होंने कहा कि लंबी दूरी के लिए अन्य परिवहन साधनों की अपेक्षा रेल की यात्रा ज्यादा सुविधाजनक एवं आरामदायक है। वंदे भारत ट्रेन शुरू होने के बाद पहले की अपेक्षा रेल यात्रा में समय की बचत भी होने लगी है।

# पंचकूला में उपायुक्त की नियुक्ति किसी भी वक्त

### चुनाव आयुक्त के पास तीन नामों का पैनल भेजा गया

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

आखिरकार पंचकूला डीसी सुशील सारवान को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास शिकायत जाने के बाद हटाए जाने के बाद अब पंचकूला डीसी की कमान किसी भी वक्त दूसरे अफसर को देने की तैयारी है। वैसे, राज्य सरकार की ओर से तीन नाम शामिल करते हुए नया पैनल मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास भेज दिया गया है। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास में जिन तीन नामों को भेजा गया है। उसमें तीन नामों में वर्ष 2009 बैच के मनीराम शर्मा, पंकज, यश गर्ग का नाम शामिल है। इनमें से एक नाम पर जल्द ही चुनाव आयुक्त द्वारा मुहर लगा दी जाएगी। यहां पर बता दें कि पंचकूला उपायुक्त सुशील सारवान को मुख्य निर्वाचन अधिकारी को शिकायत जाने के बाद में हटा दिया गया है। सुशील सारवान पर गाज गिर जाने के बाद में पहील बार नामों के पैनल को सरकार की ओर से रिजेक्ट कर दिया गया था। बाद में दूसरा पैनल भेजने के लिए कहा गया था। सरकार की ओर से हरी झंडीपर तीन नामों का नया पैनल भेजा गया है।

### अवैध माइनिंग की सूचना पर पहुंची थी टीम

## एचएसईबी की टीम पर हमला दो लोग घायल, मामला दर्ज

- हवलदार तथा उसके सहयोगी के मोबाइल फोन छीने, धमकी देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

गांव नेहरा में अवैध माइनिंग की सूचना पर पहुंची हरियाणा प्रवर्तन ब्यूरो की टीम के साथ जेसीबी से माइनिंग कर रहे लोगों ने मारपीट की ओर हवलदार व उसके सहयोगी के मोबाइल फोन छीन लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने हवलदार की शिकायत पर चार लोगों को नामजद कर आठ-दस अन्य के खिलाफ मारपीट करने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, छीना छपटी करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हरियाणा प्रर्वतन ब्यूरो के हवलदार विजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अवैध माइनिंग की सूचना मिलने पर वह सहयोगी के साथ गांव नेहरा शमशान के पास पहुंचा। खेत में जेसीबी से ट्रैक्टर ट्राली में मिट्टी खोद कर भरी जा रही थी। जिसमें उसने जेसीबी तथा ट्रैक्टर चालक से खनन विभाग का अनुमति पत्र दिखाने को कहा। उन्होंने दस्तावेज न दिखाते हुए बताया कि जेसीबी गांव खरडवाल निवासी निवासा की है और उसके पास फोन कर दिया। कुछ समय के बाद निवासा दर्जनभर लोगों के साथ वहां पर पहुंचा और लाठी व डंडों से उन पर हमला कर दिया। जिसमें दोनों को काफी चोटें आई। चालक ने जेसीबी चढ़ाने की कोशिश की।

**सियासत** मंत्रियों के यहां लगने को लेकर पीए, पीएस और बाकी कर्मियों द्वारा की जा रही लाबिंग

# अब लगी मंत्रियों के नामों की तख्तियां, स्टाफ की नियुक्ति भी जल्द होगी, अहम मंत्रालयों में लगने के लिए हो रही मारामारी

- अधिकांश मंत्रियों के यहां पर कई-कई कर्मियों के नामों की सिफारिश, अफसर धर्म संकट में

योगेंद्र शर्मा ▸▸| चंडीगढ़

आखिरकार हरियाणा मंत्रिमंडल के मंत्रियों के नामों और विभाग की तख्तियां (नेमप्लेट) सोमवार को लगा दी हैं। जल्द ही मंत्रियों के पास लगाए जाने वाले स्टाफ को लेकर भी अंतिम फैसला हो जाएगा, इस पर सीएम आफिस के आला-अफसर विचार मंथन में जुटे हुए हैं, साथ ही मंत्रियों से भी इस बारे में अपनी पसंद के चुनिंदा नाम देने को कहा गया है।

नवगठित मंत्रीसमूह को शपथ लिए हुए चार सप्ताह का वक्त बीत गया है। नए मंत्रियों को कमरे तो अलाट कर दिए गए थे, लेकिन नामों की तख्तियां नहीं लगी थी। इसके अलावा अंतिम तौर पर अभी भी मंत्रियों के पास कौन-कौन चेहरे स्थाई तौर पर रहेंगे पूरी तरह से साफ नहीं हो सका है। सोमवार को सुबह सवेरे ही सभी मंत्रियों के कमरों के बाहर नाम और विभागों सहित तख्तियां लगा दी गईं हैं। अब उनके पास में पीए (निजी सहायक) व पीएस (निजी सचिव) के अलावा सेवादारों, निजी सहायक, कंप्यूटर आपरेटरों सभी की नियुक्ति भी जल्द ही कर दी जाएगी। वैसे, सभी मंत्रियों के आफिस में अस्थाई तौर पर स्टाफ तो बैठा दिया गया है। लेकिन आधिकारिक तौर पर इनके पत्र अभी तक जारी नहीं हुए हैं, जिसके कारण स्टाफ धर्मसंकट की स्थिति में है। साथ ही कामकाज पर भी प्रतिकूल प्रभाव हो रहा है। मुख्य सचिव इस बारे में अधिकारियों के साथ चिंतन मंथन के बाद मंत्रियों से कई कई नामों के नोट नहीं बल्कि सही नाम देने की अपील करेंगे। कुल मिलाकर प्लेटें लग जाने के बाद अब स्टाफ के आधिकारिक आदेश भी हो जाने की प्रक्रिया तेज होने जा रही है।



### मुख्य सचिव से की कई मंत्रियों ने बातचीत

सूत्र बताते हैं कि स्टाफ और अन्य कईं विषयों को लेकर मंत्रियों ने मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद और सीपीएस सीएम से बातचीत की है। जिसमें सरकारी आवास, वाहनों अन्य विषयों को लेकर भी अपने हिसाब से चर्चा की जा रही है। चुनावी तैयारी में जुटे अफसरों पर भी तमाम तरह के कामकाज के कारण अफसरों के सामने भी धर्मसंकट के हालात बने हुए हैं। यहां पर बता दें कि पहले चरण में शपथ लेने वाले और उसके एक सप्ताह बाद में पहला मंत्रिमंडल विस्तार हुआ था। पहली बार में सीएम के अलावा पांच मंत्रियों ने शपथ ली थी। दूसरे चरण में यह कुनबा बढ़ गया था। मंत्रियों अभय सिंह यादव और कंवरपाल गुर्जर, मूलचंद शर्मा को छोड़ दें तो अभी तक बाकी के पास स्टाफ की स्थिति पूरी तरह से साफ नहीं हो सकी है। जिसके कारण कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव होता है।

### स्टाफ में लगने के लिए लंबी लाइन

मंत्रियों के स्टाफ में लगने के लिए भी लंबी लाइन होने के कारण अफसरशाही भी धर्म संकट में पड़ी हुई है।दरअसल रसूख और संबंधों के बल पर सचिवालय के स्टाफ द्वारा मंत्रियों से अपने अपने नामों के नोट बनवाए और कार्मिक विभाग के पास में भेज दिए गए। कई कई मंत्रियों के पास से तो आठ से दस नाम तक भी भेज दिए हैं। पीएस (निजी सचिव) के अलावा निजी सहायक, डाटा एंट्री आपरेटर, अधीक्षक, सेवादारों सहित कईं कईं नाम भेजे हैं।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 5 | 1 | 10 |
| कोलकाता | 5 | 4 | 1 | 8 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 6 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 |
| बेंगलोर | 7 | 1 | 6 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
361 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



यजुवेन्द्र चहल
11 विकेट
राजस्थान

# फोटो-वीडियो पोस्ट न करें खिलाड़ी, नहीं तो लगेगा नौ लाख का जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड सोशल मीडिया में फोटो-वीडियो पोस्ट करने पर नाराज चल रहा है। आईपीएल टीमों, खिलाड़ी और कमेंटेटर्स द्वारा यदि नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो उन पर अब 9 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन अपने रोमांचक मुकाबलों के साथ आगे बढ़ रहा है। रविवार तक आईपीएल में 29 मैच हो चुके हैं। इस टूर्नामेंट के दौरान आईपीएल टीमें, खिलाड़ी और कमेंटेटर्स काफी एक्टिव नजर आ रहे हैं। वो लगातार सोशल मीडिया पर मैच के दौरान के फोटो और वीडियो शेयर करते रहते हैं। बस यही बात भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और ब्रॉडकास्टर्स को पंसद नहीं आ रही है।

**बीसीसीआई का फरमान, ब्रॉडकास्टर्स के अधिकारों का हो रहा उल्लंघन टीमें, खिलाड़ी और कमेंटेटर्स पल-पल की जानकारी कर रहे पोस्ट**




### ब्रॉडकास्टर्स को होता है नुकसान

*दरअसल, आईपीएल टीमों, खिलाड़ियों और कमेंटेटर्स का फोटो-वीडियो शेयर करना नियमों का उल्लंघन माना जा रहा है। इससे सबसे ज्यादा दिक्कत ब्रॉडकास्ट राइट्स होल्डर्स को ही हो रही है, क्योंकि अगर कोई भी ऐसा करता है तो ये नियम के खिलाफ है और इससे ब्रॉडकास्टर्स का नुकसान भी होता है। इसी के चलते बीसीसीआई ने एक ऐसा फरमान जारी किया है। दरअसल, हाल ही में भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज ने कमेंट्री के दौरान एक फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर शेयर की थी। इस कमेंटेटर के 1 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। कुछ समय बाद ही बीसीसीआई के एक स्टाफ मेंबर ने उस फोटो को डिलीट करने का आदेश दे दिया।*



### स्टार इंडिया और वायकॉम 18 के पास हैं राइट्स

*कमेंटेटर ने पोस्ट डिलीट करने से मना कर दिया। नियमों का हवाला देकर स्टाफ मेंबर ने बार-बार कमेंटेटर को फोटो डिलीट करने के लिए कहा। इसके बाद कहीं जाकर फोटो डिलीट किया गया। बता दें कि स्टार इंडिया और वायकॉम 18 के पास डिजिटल राइट्स हैं। ऐसे में सबकुछ इन्हीं का है।*

### टीम पर लगा जुर्माना

रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने सभी को ये आदेश दे दिया है कि अगर कोई भी ये नियम तोड़ेगा तो उसे इसकी भरपाई करनी पड़ेगी। यदि नियमों का उल्लंघन किया जाता है, तो 9 लाख रुपए तक का जुर्माना भी लग सकता है। हाल ही में एक कमेंटेटर ने स्टेडियम से इंस्टाग्राम लाइव कर दिया था जिसपर मिलियन व्यूज आ चुके हैं। वहीं एक आईपीएल टीम पर लाइव मैच के दौरान वीडियो पोस्ट करने के लिए 9 लाख का जुर्माना लगाया जा चुका है।

### फ्रेंचाइजी पर होगी कार्रवाई

बीसीसीआई अधिकारी ने बताया कि आईपीएल टीमों को मैच से फुटेज या वीडियो लेने और शेयर करने की अनुमति नहीं है, लेकिन मैच के दिन वो लिमिटेड फोटो डाल सकते हैं। ब्रॉडकास्टर्स ने आईपीएल अधिकारों के लिए बड़ी रकम चुकाई है। इसलिए कमेंटेटर मैच के दिन वीडियो या तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट नहीं कर सकते। वे लिमिटेड तरीके से ही तस्वीरें पोस्ट कर सकते हैं और अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव मैच अपडेट दे सकते हैं। ऐसे में दोषी पाए जाने पर फ्रेंचाइजी पर जुर्माना लगाया जाएगा।

## 287 के जवाब में बेंगलुरु ने 262 रन बनाए, ट्रैविस हेड की सेंचुरी

# रिकॉर्डतोड़ स्कोर के साथ सनराइजर्स ने रॉयल चैलेंजर्स को 25 रन से हराया

भाषा ▶▶| बेंगलुरू

ट्रेविस हेड के आक्रामक शतक और कप्तान पैट कमिंस के उम्दा प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को 25 रन से हरा दिया। हेड के पहले टी20 शतक के अलावा हेनरिच क्लासेन ने ताबड़तोड़ 67 रन बनाये जिसकी मदद से सनराइजर्स ने टूर्नामेंट के इतिहास का रिकॉर्ड स्कोर जड़ते हुए तीन विकेट पर 287 रन बनाये। सनराइजर्स ने इसी सत्र में 27 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ तीन विकेट पर 277 रन बनाकर रिकॉर्ड अपने नाम किया था और आज अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। जवाब में आरसीबी की टीम सात विकेट पर 262 रन ही बना सकी। कमिंस ने 43 रन देकर बेजान पिच पर तीन विकेट लिये। इस आईपीएल मैच में 40 ओवरों में 549 रन बने जो एक रिकॉर्ड है। कप्तान फाफ डु प्लेसी और दिनेश कार्तिक ने आरसीबी को चमत्कारिक जीत दिलाने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे। डु प्लेसी ने 28 गेंद में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से 62 रन बनाये जबकि कार्तिक ने 35 गेंद में 83 रन बना डाले जिसमें पांच चौके और सात छक्के शामिल थे। डु प्लेसी और विराट कोहली ने तेज शुरूआत करते हुए सिर्फ 3.5 ओवर में 50 रन जोड़ लिये। सनराइजर्स ने 50 रन 4.3 ओवर में बनाये थे। फाफ और कोहली ने पावरप्ले में 79 रन बनाये और 6.2 ओवर में स्कोर 80 रन था। इसके बाद लेग स्पिनर मयंक मार्कंडेय ने कोहली का कीमती विकेट लेकर मैच की तस्वीर बदल दी। मार्कंडेय को स्लॉग स्वीप खेलने के प्रयास में कोहली चूके और गेंद स्टम्प पर जा लगी। उसके बाद आरसीबी ने 41 रन के भीतर चार विकेट गंवा दिये। चौथा विकेट डु प्लेसी के रूप में गिरा जिन्होंने कमिंस को लगातार चौका छक्का लगाया लेकिन विकेट के पीछे क्लासेन को कैच दे बैठे। इसी ओवर में कमिंस ने सौरव चौहान (0) को भी आउट किया।




### रॉयल्स को हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचना चाहेगा कोलकाता

**कोलकाता।** राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग में यहां जब दो बार के चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगी तो उसके बल्लेबाजों के सामने ईडन गार्डन्स पर सुनील नारायण की गेंदबाजी का जवाब ढूंढने की चुनौती होगी। अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नारायण ने 2012 और 2014 में पूर्व कप्तान गौतम गंभीर के नेतृत्व में केकेआर की दो खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

### हैदराबाद-287/3 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक का फर्ग्युसन बो टॉपली | 34 |
| हेड का डु प्लेसी बो फर्ग्युसन | 102 |
| हेनरिच का विशाख बो फर्ग्युसन | 67 |
| एडेन माक्रम नाबाद | 32 |
| अब्दुल समद नाबाद | 37 |

अतिरिक्त : 15 रन
कुल योग : 20 ओवर में तीन विकेट पर 287 रन
विकेट पतन : 1-108, 2-165, 3-231
गेंदबाजी: जैक्स 3-0-32-0, टॉपली 4-0-68-1, दयाल 4-0-51-0, फर्ग्युसन 4-0-52-2, विशाक 4-0-64-0, लोमरोर 1-0-18-0

### बेंगलुरु-262/7 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| कोहली बो मार्कंडेय | 42 |
| डु प्लेसी का क्लासेन बो कमिंस | 62 |
| विल जैक्स रन आउट | 7 |
| रजत का रेड्डी बो मार्कंडेय | 9 |
| सौरव पगबाधा बो कमिंस | 0 |
| दिनेश का क्लासेन बो नटराजन | 83 |
| महिपाल लोमरोर बो कमिंस | 19 |
| अनुज रावत नाबाद | 25 |
| विजयकुमार विशाख नाबाद | 1 |

अतिरिक्त : 14 रन
कुल योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 262 रन
विकेट पतन : 1-80, 2-100, 3-111, 4-121, 5-122, 6-181, 7-244
गेंदबाजी: शर्मा 1-0-10-0, भुवनेश्वर 4-0-60-0, शाहबाज 1-0-18-0, नटराजन 4-0-47-1, कमिंस 4-0-43-3, मार्कंडेय 4-0-46-2, उनादकट 2-0-37-0

## एलेकना ने चक्का फेंक में बनाया नया विश्व रिकॉर्ड...




**रेमोना।** लिथुआनिया के माइकोलास एलेकना ने ओकलाहोमा थ्रो सीरीज प्रतियोगिता में चक्का फेंक में 1986 में बना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। इक्कीस साल के माइकोलास ने रविवार को चक्के को 243 फीट 11 इंच (74.35 मीटर) की दूरी तक फेंका और छह जून 1986 को बनाए जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट के 243 फीट (74.08 मीटर) के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। माइकोलास के थ्रो को शुरू में 244 फीट एक इंच (74.41 मीटर) मापा गया था लेकिन विश्व एथलेटिक्स के अनुसार बाद में इसे संशोधित किया गया। इस रिकॉर्ड की हालांकि अभी पुष्टि होना बाकी है।


**रेलगाड़ी संख्या 13483/84 एवं 13413/14 फरक्का एक्सप्रेस का बालुरघाट तक विस्तार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा रेलगाड़ी संख्या 13483/84 एवं 13413/14 मालदा टाउन-बठिण्डा जं. -मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस का बालुरघाट तक विस्तार करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

विस्तारित खंड पर 13483/84 एवं 13413/14 फरक्का एक्सप्रेस की समय-सारणी

| रेलगाड़ी सं.: 13483 बालुरघाट-बठिण्डा जं. | | रेलगाड़ी सं.: 13413 बालुरघाट-बठिण्डा जं. | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 13484 बठिण्डा जं.-बालुरघाट | | रेलगाड़ी सं.: 13414 बठिण्डा जं.-बालुरघाट | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 17:00 | ---- | 17:00 | बालुरघाट | 09:15 | ---- | 09:15 | ---- |
| 17:33 | 17:35 | 17:33 | 17:35 | गंगारामपुर | 08:21 | 08:23 | 08:21 | 08:23 |
| 17:47 | 17:49 | 17:47 | 17:49 | बुनियादपुर | 08:06 | 08:08 | 08:06 | 08:08 |
| 18:35 | 18:37 | 18:35 | 18:37 | एकलाखी जं. | 07:10 | 07:22 | 07:10 | 07:22 |
| मालदा टाउन एवं बठिण्डा जं. के बीच समय-सारणी यथावत रहेगी | | | | | | | | |
| 19:30 | 19:40 | 19:30 | 19:40 | मालदा टाउन | 06:40 | 06:50 | 06:40 | 06:50 |
| 10:00 | ---- | 11:15 | ---- | बठिण्डा जं. | ---- | 16:25 | ---- | 15:00 |

**चलने के दिन: 13413 बालुरघाट** से सोमवार, गुरुवार एवं शनिवार को एवं **13414 बठिण्डा जं.** से सोमवार, बुधवार एवं शनिवार को दिनांक 15.04.2024 से एवं **13483 बालुरघाट** से मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को तथा **13484 बठिण्डा जं.** से मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार एवं रविवार को दिनांक 16.04.2024 से।
**स्थान:** वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर/इकनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
हमें फॉलो करें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1128/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# बिलबाओ को विलारियल ने ला लिगा मैच में 1-1 से ड्रॉ पर रोका

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

कोपा डेल रे विजेता एथलेटिक बिलबाओ को स्पेनिश फुटबॉल लीग में विलारियल ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। पिछले सप्ताहांत एथलेटिक ने मालोर्का को हराकर चार दशक में पहली कोपा डेल रे ट्रॉफी जीती। रविवार को विलारियल के खिलाफ मुकाबले के दौरान ट्रॉफी को दर्शकों के लिए सैन मेम्स स्टेडियम में रखा गया था। एथलेटिक को 66वें मिनट में ओइहान सांचे ने बढ़त दिलाई।

इससे लगभग 20 मिनट पहले सेंटियागो कोमेसाना को फाउल करने पर दूसरा लाल कार्ड दिखाकर मैच से बाहर कर दिया गया था। हालांकि जब लग रहा था कि एथलेटिक की टीम मैच जीत लेगी तब दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के पांचवें मिनट में डेनी पारेजो ने गोल करके स्कोर 1-1 कर दिया। इस ड्रॉ से एथलेटिक की चैंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को झटका लगा है। टीम अभी चौथे स्थान पर चल रहे एटलेटिको मैड्रिड से चार अंक पीछे है जबकि सात मैच बचे हैं। एटलेटिको ने शनिवार को तीसरे स्थान पर चल रहे गिरोना को 3-1 से हराया था।



## भारतीय टीम स्पेशल ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए रवाना

**फरीदाबाद।** भारत के पुरुष और महिला खिलाड़ियों का 28 सदस्यीय मजबूत दल स्पेशल ओलंपिक दक्षिण एशिया यूनीफाइड सेवन-ए-साइड फुटबॉल टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को ढाका रवाना हुआ। भारतीय दल में 22 खिलाड़ी और पांच कोच शामिल हैं जो आठ राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं। दल को सोमवार को विदाई दी गई। स्पेशल ओलंपिक भारत के खेल निदेशक हरप्रीत सिंह ने समारोह के दौरान कहा, 'हमें एसओबी की महिला टीम से कम से कम एक कदम की उम्मीद है। पुरुष टीम को हालांकि अपने कौशल में सुधार करना होगा। महत्वपूर्ण चीज यह है कि गोल नहीं होने दें लेकिन हमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है।' स्पेशल ओलंपिक भारत बौद्धिक रूप से दिव्यांग लोगों का राष्ट्रीय खेल महासंघ है जो खेल मंत्रालय से मान्यता प्राप्त है।

## कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश-प्रज्ञानानंदा के बीच मैच ड्रॉ

# गुजराती ने फिर दूसरे वरीय नाकामूरा को हराया

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने पिछले मैच में शिकस्त के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में अमेरिका के दूसरे वरीय हिकारू नाकामूरा को हरा दिया। डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा के बीच ऑल इंडियन मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि किसी अन्य बाजी का भी नतीजा नहीं निकला। रूस के इयान नेपोमनियाची ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के साथ अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव ने अमेरिका के फाबियानो कारुआना को बराबरी पर रोका। साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में अब पांच दौर का खेला बाकी है। नेपोमनियाची और गुकेश संभावित नौ में से 5.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा पांच अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामूरा, गुजराती और कारुआना 4.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। अलीरेजा 3.5 अंक के साथ सातवें जबकि अबासोव तीन अंक के साथ आठवें स्थान पर हैं। पहले हाफ में नाकामूरा को हराने वाले विदित ने दूसरे हाफ में भी अपनी इस सफलता को दोहराया।

गुकेश और प्रज्ञानानंदा के बीच ऑल इंडियन मुकाबला 41 चाल के बाद ड्रॉ पर समाप्त हुआ। अलीरेजा के खिलाफ नेपोमनियाची मुश्किलों में घिरा होने के बावजूद वापसी करते हुए मुकाबला ड्रॉ कराने में सफल रहे। अबासोव ने भी सफेद मोहरों से खेलते हुए कारुआना को कोई मौका नहीं दिया और अंततः दोनों खिलाड़ी बाजी ड्रॉ कराने पर सहमत हो गए।





**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, भिवानी**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विभिन्न प्रकार के 35 वाहन जो मोटर व्हीकल एक्ट, पुलिस एक्ट व अभियोगों के तहत जिला भिवानी के अलग-अलग थानों में कब्जा पुलिस में लिए गए हैं। उपरोक्त वाहनों के असल मालिक अपना मालिकाना हक पेश करके माननीय अदालत से वाहन की सुपरदारी 06 माह के अन्दर-अन्दर करा लें, अन्यथा उपरोक्त वाहनों को लावारिस समझकर नियमानुसार नीलाम कर दिया जाएगा।

LIST OF FIR AND 47G ACT MV ACT

| Sr. No. | Vehicle No. | Chasses Number | Engine Number | Marka | Head | Police Station |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HR19F8715 | 15151 | 12443 | M/C | 379 IPC | SIWANI |
| 2 | W/N | 10097 | 9964 | M/C | 279/337 IPC | SIWANI |
| 3 | HR16R5063 | 14670 | 15032 | M/C | 11/59/60 | SIWANI |
| 4 | RJ18ST1127 | 90731 | 18990 | M/C | 379IPC | SIWANI |
| 5 | HR16B8801 | NA | NA | CAR | NDPS Act | SIWANI |
| 6 | RJ31T3444 | NA | NA | JEEP | NDPS Act | SIWANI |
| 7 | HR26AG1072 | 12494 | NA | M/C | 61/4/20 | BAHAL |
| 8 | HR21D2233 | 49977 | 59259 | M/C | 324/4521PC | SADAR |
| 9 | HR16N9560 | 11066 | 3655 | M/C | 302IPC | SADAR |
| 10 | GJ16BG3843 | 64883 | 34895 | INOVA | 279/304A | SADAR |
| 11 | HR16N4375 | 490 | 582 | M/C | 279/304A | SADAR |
| 12 | HR16R5785 | 71275 | 88201 | M/C | 147/149 | B KHERA |
| 13 | W/N | 15388 | 35267 | M/C | 147/149 | B KHERA |
| 14 | HR20J 2908 | 22660 | 23613 | M/C | NDPS Act | B KHERA |
| 15 | HR31J2495 | 18221 | 67659 | M/C | 323/5061PC | B KHERA |
| 16 | HR61B7035 | NA | 60047 | AMW 2518 | 420/467IPC | CITY |
| 17 | HR20L3461 | 20075 | 20160 | M/C | NDPS Act | TOSHAM |
| 18 | W/N | NA | NA | M/C | 379IPC | TOSHAM |
| 19 | HR20G9519 | 36545 | 36268 | M/C | 3761PC | SIWANI |
| 20 | W/N | 6480 | 12724 | M/C | MV ACT | B KHERA |
| 21 | W/N | 14729 | 14780 | M/C | MV ACT | TOSHAM |
| 22 | HR16Z8457 | 7032 | 39735 | SKUTI | MV ACT | DINOD GET |
| 23 | HR99QPT8767 | 94526 | NA | M/C | MV ACT | DINOD GET |
| 24 | W/N | ZZZNWH02756 | H02818 | M/C | 47GAct | SIWANI |
| 25 | W/N | OHEBF00652 | 04D18E04725 | M/C | 47GAct | SIWANI |
| 26 | HR48 9299 | ZZUHA17566 | JBUBUA87215 | M/C | 47GAct | SIWANI |
| 27 | HR26BD8349 | ZZZTPD18329 | DUUBTD27121 | M/C | 47GAct | SIWANI |
| 28 | HR16Q1909 | FRD81959 | PFZRFD59442 | M/C | 47GAct | SIWANI |
| 29 | HR60J3034 | PB03301 | PFXPKB58432 | M/C | 47GAct | SIWANI |
| 30 | HR21D3712 | K04991 | K09872 | M/C | 47GAct | SIWANI |
| 31 | HR20R4599 | | HA10EA99E04182 | M/C | 47GAct | SIWANI |
| 32 | W/N | J10071 | 912054 | M/C | 47GAct | SIWANI |
| 33 | RJ10SJ9399 | 59160 | 34054 | M/C | 47GAct | SIWANI |
| 34 | HR26AB1449 | 07B23F3607 | 07B22E16400 | M/C | 47GAct | SIWANI |
| 35 | RJ18SH8724 | 87316 | 95552 | M/C | 47GAct | JUI |

पीआरडीएच-1084/11/2279/2025/26108/88/6 दि. 15.04.2024
हस्ता/- पुलिस अधीक्षक, भिवानी।

## चिंतन

# पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को रोकना जरूरी

पश्चिम एशिया में बढ़ रहे तनाव इस क्षेत्र के लिए खतरनाक तो है ही, लेकिन यह विश्व के लिए भी नुकसानदायक है। हमास व इजराइल युद्ध के बाद से ईरान जिस तरह सक्रिय हुआ है, इसे कूटनीतिक भाषा में अतिसक्रियता कही जा सकती है। विश्व पहले से ही रूस व यूक्रेन के बीच जारी युद्ध से प्रभावित है, उसके बाद हमास व इजराइल के बीच जंग छिड़ने से संकट और बढ़ गया है। अब ईरान की ओर से इजराइल पर ड्रोनों व मिसाइलों से हमले के बाद स्थिति और बिगड़ गई है। ईरान की चाहे इजराइल से जो भी अदावत रही हो, लेकिन ईरान ने बदले की भावना से इजराइल पर हमले के लिए समय गलत चुना है। अमेरिका ने जिस तरह पहले ही चेतावनी दी कि अगर ईरान ने हमला किया तो, वाशिंगटन चुप नहीं बैठेगा, इसके बाद भी ईरान ने इजराइल के ठिकानों पर हवाई हमले किए। अमेरिका व ईरान के बीच तनातनी लंबे समय से है, अमेरिकी आर्थिक प्रतिबंध से ईरान अमेरिका पर अधिक खफा है। यूं तो अमेरिका का यह प्रतिबंध अनुचित है, पर खफा ईरान अमेरिका को सबक देने की ताक में रहता है। इजराइल व हमास की जंग उसे यह मौका दे रही है, लेकिन ईरान समझ नहीं पा रहा है कि हमले करना किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, कूटनीतिक चैनल अधिक उपयोगी है। यूं तो जैसे इजराइल पर अमेरिका का हाथ है, वैसे ही ईरान पर रूस व चीन का हाथ है, लेकिन इजराइल व ईरान जैसे छोटी आबादी वाले देशों को समझना होगा कि वे अमेरिका, रूस व चीन जैसे बड़े व शक्तिशाली देशों की महत्वाकांक्षा व आपसी अदावत के शिकार न बनें। यूक्रेन से जंग में रूस केवल यूक्रेन से नहीं लड़ रहा, बल्कि वह यूएस व नाटो से भी लड़ रहा है, यूएस रूस को घुटने पर लाना चाहता है, पर क्यों यह अमेरिका को भी पता नहीं होगा। लेकिन इसमें बर्बादी यूक्रेन की हो रही है। ऐसे ही इजराइल व हमास की जंग में पहले जिस तरह ईरान, कतर, आतंकी गुट हुती और कई मुस्लिम देश आतंकी गुट हमास के पक्ष में खड़े हो गए तो अमेरिका भी खुल कर इजराइल के पक्ष में आ गया। लेकिन बर्बादी तो गाजा पट्टी में हो रही है, लोग वहां के मारे जा रहे हैं। अरब स्प्रिंग के बाद पश्चिम व खाड़ी देशों में एक के बाद एक कई राजशाही का तो अंत हो गया, लेकिन वहां लोकतांत्रिक ढांचा विकसित नहीं पाया, इसके चलते वहां अराजकता की स्थिति पैदा हुई। इसका फायदा कुछेक प्रायोजित आतंकी गुटों ने उठाया, कमजोर सरकारें भी हैं, इसलिए क्षेत्र में अशांति है। तेल के खेल में यह क्षेत्र हमेशा पिसता रहा है, इसके बावजूद शायद पश्चिम व अरब क्षेत्र के मुल्कों को यह भान नहीं हो रहा है कि वे शांति की स्थापना के लिए काम करें, वे बाहरी तत्वों के हितों के शिकार न बनें। ईरान ने इजराइल पर हमला करके पश्चिम एशिया में शांति बहाली के मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है। इजराइल ऐसा मुल्क है जो अपने ऊपर हमले को बर्दाश्त नहीं करता है, और बदला लेता है। बेशक अभी इजराइल हमास के साथ जंग में उलझा हुआ हो, लेकिन वह ईरान को यूं नहीं छोड़ेगा। अब इजराइल व ईरान के बीच दुश्मनी की बीज गहरी हो गई है, जो लंबे समय तक चलेगी। ईरान के कदमों से वैश्विक शांति की राह नहीं निकलेगी। ईरान के हमले की गूंज भारतीय शेयर बाजार तक पहुंची है, पश्चिम एशिया में तनाव के चलते शेयर बाजार औंधे मुंह गिरे हैं। पश्चिम एशिया में तनाव को रोकने के लिए भारत, अमेरिका व चीन शांति के लिए आगे आएं।



विश्लेषण
निर्मल यादव

# हिंदुत्व से सनातन की ओर सियासत

इस बार का चुनाव इस मायने में अलग माना जा रहा है कि इसमें धर्म की राजनीति, एक नए शब्द के साथ की जा रही है। इस बार चुनाव में बात 'सनातन' की हो रही है। मजे की बात तो यह है कि उत्तर भारत में भाजपा सनातन पर हमला होने को लेकर जो माहौल बना रही है, वह हमला द्रविड़ अस्मिता का गढ़ रहे तमिलनाडु से हुआ है। उत्तर भारत में 'सनातन' को शाश्वत बताकर संस्कृति का हिस्सा माना जाता है, जिसकी वजह से इसे सनातन संस्कृति का दर्जा दिया गया है। दक्षिण भारत से यदि इसके तार जोड़े जाएं तो यह आर्य बनाम अनार्य का सनातन संघर्ष है। इसे हिंदुत्व से सनातन की ओर राजनीतिक शिफ्टिंग माना जा सकता है।

इन दिनों भारत के नागरिक लोकतंत्र के महापर्व को पूरे जोश से मनाने के लिए तैयार है। अब तक के चुनावों में सियासी दलों की ओर से उठाए गए मुद्दों के आधार पर जनता, भावी सरकार की तस्वीर उकेरती थी, लेकिन इस चुनाव में मतदाताओं को यदि इस महापर्व को मनाने का जतन करना पड़ रहा है, तब फिर साफ है कि इस चुनाव के मुद्दे, गुजरे चुनावों से अलहदा हैं। चुनाव के मुद्दों की बात करने से पहले, चुनाव की ही बात कर ली जाए कि आखिर यह पिछले चुनावों से अलग क्यों है? भारत में आम चुनाव की परंपरा 75 साल पुरानी है। आजाद भारत के इतिहास में अब तक हुए 17 चुनाव किसी न किसी रूप में पिछले चुनावों से भिन्न रहे हैं। इस परंपरा को 18वां आम चुनाव भी शिद्दत से निभा रहा है। कई मायनों में यह चुनाव अनूठा है। इसमें तमाम सियासी दलों का भविष्य दांव पर लगा है, वहीं दूसरी ओर भारतीय सियासत में जातिवाद, परिवारवाद और बाहुबल की गहरी हो चुकी जड़ों का भविष्य भी यही चुनाव तय करेगा। इस चुनाव का फौरी तौर पर किया जा रहा विश्लेषण, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुस्तकबिल को तय करने तक सीमित है, वहीं इस चुनाव का विशद विश्लेषण, राजनीति में धर्म के इस्तेमाल की भवितव्यता को भी सुनिश्चित करेगा।

यह चुनाव इस मायने में अलग है कि इसमें धर्म की चाशनी को इस कदर गाढ़ा करके पेश किया गया है कि इसकी खुमारी अब मतदाताओं के सिर चढ़कर बोलने लगी है। धर्म एक सार्वभौमिक सत्य है और इसका दायरा सिर्फ भारत तक ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर सत्ता की ड्योढ़ी को यह अनादि काल से प्रभावित करता रहा है। दुनिया भर में राजनीति को धर्म के साथ पेश करने के अलौकिक आनंद की अनुभूति 'सनातन' रही है। भारत में भी यह बहस पुरजोर होती रही है कि धर्म की राजनीति होनी चाहिए या राजनीति का धर्म होना चाहिए। मनुस्मृति से लेकर हम्मूराबी की विधि संहिता तक, न जाने कितनी बार राजनीति को धर्म से अलग करने या इसी में समाहित करने की वकालत हो चुकी है। 21वीं सदी के भारत में एक बार फिर नए शब्द के आवरण में चुनाव के असल मुद्दों को ढकने की कवायद तेज हुई है, यह है 'सनातन'।

अब तक के चुनावों में 'धर्म की राजनीति या राजनीति का धर्म' विषय ही विमर्श का मुद्दा बनता था, मगर अब 'सनातन' शब्द ने ऐसे बहुत से नेताओं को पाला बदलने का सुरक्षा कवच दे दिया है, जिनका सनातन के सही मायने से भी कोई सरोकार नहीं है। समाज और व्यक्तियों के स्तर पर हर किसी ने अपनी समझ के आधार पर सनातन को परिभाषित किया है। सनातन का विशद और व्यापक स्वरूप ही इसे परिभाषित करने वाले समाज एवं व्यक्तियों की समझ को परखने का कारगर औजार भी बनाता है। इसलिए कम से कम यहां सनातन को परिभाषित करने के बजाए मौजूदा चुनावी मौसम में इसके सियासी गुणा-गणित पर बात करना बेहतर होगा। यह पहला चुनाव नहीं है, जब इस देश ने धर्म को राजनीति का चोला पहने देखा हो। इससे पहले आजादी के बाद शुरुआती दौर में सोमनाथ से शुरू हुई यह कहानी अयोध्या में राम मंदिर का ताला खुलवाने से लेकर 1990



के दशक में विवादित ढांचा ढहाए जाने तक, चुनावी राजनीति के आवरण में ढंकी रही। मंदिर और मस्जिद के नाम पर होती रही राजनीति का लाभ, इससे सरोकार रखने वाले दोनों खेमों को मिलता रहा है। मंदिर के मुद्दे ने भाजपा के चुनावी सफर को सड़क से सत्ता तक पहुंचाया तो मस्जिद के नाम पर भाजपा के विरोधी दलों को भी सत्ता की खूब मलाई खाने को मिली।

इस बार का चुनाव इसी मायने में अलग माना जा रहा है कि इस चुनाव में धर्म की राजनीति, एक नए शब्द के साथ की जा रही है। इस बार चुनाव में बात 'सनातन' की हो रही है। मजे की बात तो यह है कि उत्तर भारत में भाजपा सनातन पर हमला होने को लेकर जो माहौल बना रही है, वह हमला द्रविड़ अस्मिता का गढ़ रहे तमिलनाडु से हुआ है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन विरोध का मोर्चा खोल रखा है। दरअसल उत्तर भारत में 'सनातन' को शाश्वत बताकर संस्कृति का हिस्सा माना जाता है, जिसकी वजह से इसे सनातन संस्कृति का दर्जा दिया गया है। बोलचाल की भाषा में भी हिंदी पट्टी के लोग सिर्फ सनातन शब्द का इस्तेमाल नहीं करते हैं, बल्कि 'सनातन संस्कृति' कहना ज्यादा पसंद करते हैं।

दक्षिण भारत से यदि इसके तार जोड़े जाएं तो यह आर्य बनाम अनार्य का सनातन संघर्ष है। हिंदी भाषी राज्यों में आम जन को भले ही आर्य बनाम अनार्य के प्राचीन संघर्ष का इल्म न हो, लेकिन अपनी कला, संस्कृति, पहनावा और भाषा को लेकर बेहद सजग रहे दक्षिण भारत में जन जन को इस संघर्ष का भान है। आजादी के बाद 1950 के दशक में भाषायी आधार पर राज्य बनाने के लिए दक्षिण भारत में हुए आंदोलन, इस संघर्ष के गवाह भी हैं। तत्कालीन नेहरू सरकार को इस मसले पर तीन सदस्यीय 'जेवीपी कमेटी' बनानी पड़ी थी। खुद पं नेहरू के अलावा सरदार पटेल और पट्टाभि सीतारमैया राजू की मौजूदगी वाली इस समिति को दक्षिण में भाषाई आधार पर राज्यों के विभाजन के लिए हुए आंदोलन को शांत करना पड़ा था। भाषायी राज्य बने।

अब 21वीं सदी के सबसे चर्चित चुनाव से पहले उदयनिधि ने अयोध्या में राम मंदिर की प्रतिक्रिया में सनातन पर हमला नहीं किया, बल्कि इस हमले की जड़ काशी में है। पीएम मोदी की पहल पर काशी में चल रहे 'तमिल संगमम' की सफलता, उदयनिधि की प्रतिक्रिया का परिणाम है। पीएम मोदी की पहल पर हो रहे तमिल संगमम का मौन असर काशी से ज्यादा दक्षिण में हो रहा है। यही वजह है कि इस चुनाव में भाजपा ने राजनीति में भरपूर इस्तेमाल हो चुके 'हिंदुत्व' शब्द के बजाय व्यापक अर्थ वाले 'सनातन' शब्द को मारक हथियार बनाया है। अव्वल तो इस शब्द के निहितार्थ, धर्म और समाज के इतिहास को गहराई से समझने वाले ही जानते है। ऐसे में आर्य और भारतीय अस्मिता के विशद स्वरूप की गहरी समझ रखने वाले भाजपा के रणनीतिकारों को पता है कि सीमित ज्ञान से लैस विपक्षी खेमे के अधिसंख्य राजनेताओं को सनातन के जाल में फंसाना आसान है। बेहतर होता, उदयनिधि सनातन पर हमला करने से पहले उस रावण का जिक्र करते, जिसे दक्षिण में पूज्य और उत्तर में धरती का सबसे प्रकांड पंडित माना जाता है। उदयनिधि को इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए था कि शिव जी के सबसे प्रिय भक्त रावण के पांडित्य पर उत्तर भारत में कभी सवाल नहीं उठा। सिर्फ राम के साथ बैर होने के कारण ही रावण को उत्तर में आज भी हर साल दहन होना पड़ता है। ऐसे में उदयनिधि के लिए भी बेहतर होता कि वे एक बार रावण की उस 'रक्ष संस्कृति' का अध्ययन कर लेते, जिसकी वजह से आज भी आसुरी प्रवृत्ति के लोगों को 'राक्षस' समझा जाता है, जबकि दक्षिण की मान्यता है कि आर्य संस्कृति के विरोध में रावण द्वारा प्रवर्तित की गई रक्ष संस्कृति को मानने वाले राक्षस कहे जाते हैं। उदयनिधि भेद को समझकर यदि सनातन का मुद्दा उठाते तो भाजपा इस चुनाव में राम मंदिर और सनातन को अलग करके लाभ नहीं ले पाती।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

जमीनी हालात
आर.के. सिन्हा




# पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा पर प्रदर्शन दोहराने का दबाव

जिस पूर्वोत्तर भारत में सूरज की किरणें सबसे पहले पहुँचती हैं वहाँ की जानता तैयार है, एकबार फिर लोकसभा चुनावों में अपना फैसला सुनाने के लिए। बेशक, भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनावों में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है , तो 25 सीटें पूर्वांचल प्रदेशों की भी उसमें शामिल हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में आगामी 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। अगर बात पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो पूर्वोत्तर में भारतीय जनता पार्टी ने जो झंडे गाड़े थे, उसे इस बार भी थामे रखने का पार्टी को पूरा भरोसा है। इस भरोसे के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह विश्वास है कि उन्होंने जिस तरह से पूर्वोत्तर की विकास की योजनाएं सिरे चढ़ाई हैं, उसके बाद वहां की जनता उनकी पार्टी और सरकार को कभी नहीं भूलेगी। इसमें एक पक्ष यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी की तरह ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी पूरे पूर्वोत्तर भारत में विभिन्न शांति समझौते के तहत एक स्थायी शांति का माहौल बनाया है। चुस्त आंतरिक सुरक्षा के कारण ही पूर्वोत्तर के पूरे इलाके में कोई बड़ी हिंसक वारदात सुनाई नहीं पड़ रही है। हां मणिपुर इसका एक अपवाद अवश्य है और वहाँ भी गृह मंत्रालय ठोस समाधान की तरफ बढ़ रहा है। पूर्वोत्तर की "सेवन सिस्टर्स" या सात बहनें कही जाने वाली राज्य इकाइयों समेत क्षेत्र के सभी आठ राज्यों को मिलाकर कुल 25 लोकसभा की सीटें हैं। असम में सबसे ज्यादा लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 25 में से 21 सीटें मिलीं थीं। भाजपा अब की बार पिछला आंकड़ा पार करना चाहती है।

अभी तक इंडिया गठबंधन ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि उनका कोई बहुत बड़ा स्टेक पूर्वोत्तर के राज्यों में लगा है। ममता बनर्जी की टीएमसी और शरद पवार की एनसीपी पिछले चुनावों में यहां कुछ करने की एक अलग कोशिश की भी थी, लेकिन इस बार वह कोशिश भी कहीं दिखाई नहीं दे रही है। उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि शरद पवार खुद अपनी पार्टी और अपनी वजूद के लिए अपने भतीजे से लड़ रहे हैं, तो ममता बनर्जी अपने घर में ही भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक उपद्रवियों को बचाने के कारण घिरी हुई हैं। पूर्वोत्तर में भाजपा पर विश्वास की वजह पिछले दस साल में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की सक्रिय रूप से विकास पर फोकस और शांति स्थापना की कोशिश है। इसके अतिरिक्त पूर्वांचल प्रदेशों के प्रभारी और सह-प्रभारी डॉ. संबित पात्रा और राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा के लगातार प्रवासों और दिन-प्रतिदिन की मॉनिटरिंग ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा के संगठन को मज़बूत ही किया है । मणिपुर में हालांकि केवल 2 लोकसभा की सीटें है, लेकिन मोदी सरकार के लिए वहाँ के जनजातीय संघर्ष को खत्म करना बहुत जरूरी है, क्योंकि मणिपुर हिंसा इस समय एक राष्ट्रीय मुद्दा बना हुआ है, जो एकतरह से पिछली कांग्रेसी सरकारों की देन ही मानी जाती है। इस दशकों पुरानी समस्या के किसी सर्वमान्य निर्णय की लगातार कोशिश गृह मंत्री अमित शाह कर भी रहे हैं। हाल ही में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने मणिपुर के सबसे पुराने सशस्त्र समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सामान्य रूप से उत्तर पूर्व और विशेष रूप से मणिपुर में शांति के एक नए युग की संभावना को जन्म देता है। पहली बार है कि घाटी स्थित एक मणिपुरी सशस्त्र समूह हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने और संविधान और देश के कानूनों का सम्मान करने पर सहमत हुआ है। यह समझौता न केवल यूएनएलएफ और सुरक्षा बलों के बीच शत्रुता को समाप्त करेगा, जिसने पिछली आधी शताब्दी से अधिक समय से हजारों लोगों की जानें लीं, बल्कि समुदाय की दीर्घकालिक चिंताओं को दूर करने का अवसर भी प्रदान करेगा। यूएनएलएफ 1964 से ही सक्रिय था और यह भारतीय क्षेत्र के भीतर और बाहर दोनों जगह अपना ऑपरेशन चला रहा था। पूर्वोत्तर में स्थायी शांति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पहले कार्यकाल से ही तत्पर और सक्रिय हैं। मोदी सरकार ने न केवल इन समस्याओं के स्थायी निदान के लिए पहल की, बल्कि उग्रवादी गुटों को भी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए ईमानदारी से कोशिश की। असम में पिछले 40 साल में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा ने भारत और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर कायम है। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में पूर्वोत्तर में हिंसा के काले दौर को समाप्त करने की एक ईमानदार कोशिश हुई। अब नजरें इस चुनाव पर हैं।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अशांत मन में अपने इष्टदेव के मंत्रों का जप और ध्यान करें



संकलित
दर्शन

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है।

लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
प्रेरणा

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहाः महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा हैः आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाईः महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहाः ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोलाः हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहाः तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहाः मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहाः क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ। वस्तुतः दूसरों की निंदा करने की प्रवृत्ति से अन्य की हानि होने के साथ-साथ स्वयं को भी नुकसान ही होता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**जीना मुश्किल कर रहा वायु प्रदूषण**

हाल ही में स्विस ग्रुप आईक्यू एयर ने विश्व भर के उन देशों की सूची जारी की है जिनमें सबसे ज्यादा प्रदूषण है। इस सूची में हमारे देश की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को सबसे ज्यादा प्रदूषित बताया गया है। इस सूची के अनुसार पिछले साल 134 देशों में बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद हमारे देश की वायु गुणवत्ता बेहद खराब थी। वर्ष 2019 में भी ग्रीनपीस और एयर विजुअल की रिपोर्ट में बताया गया था कि दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में भारत के बहुत से शहरों में प्रदूषण की स्थिति बेहद खराब है। इस रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में भारत के सात शहर भी शामिल हैं। यह भारत के लिए बहुत चिंताजनक है। **-मनीष देवांगन**, दुर्ग

## ट्रेंड

### हैरान करने वाला



कांग्रेस के गठबंधन वाली बिहार की आरजेडी के नेता कहते है, अगर हमारी सरकार बनी तो हम मोदी जी को जेल में डालेंगे। जिनके अपने नेता खुद जेल में गए हों, वो मोदी जी को जेल में डालने की बात करते हैं। उनका कथन हैरान करने वाला है।

-राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री

### इनाम स्वरूप



भाजपा के वरिष्ठ नेता लगातार संविधान बदलने और समाप्त करने का दावा कर रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री और इनके शीर्ष नेता इन पर कुछ कारवाई करने की बजाय इसके बदले उन्हें इनाम स्वरूप चुनाव लड़वा रहे हैं।

-लालू यादव, राजद नेता

### ऐसा करके दिखाएंगे



दिल्ली के उपराज्यपाल साहब और भाजपा के नेता कह रहे थे, जेल से दिल्ली की सरकार तो नहीं चलेगी। हमने साफ कहा कि सरकार तो जेल से ही चलेगी, तुमको पीछे हटना पड़ेगा, हम लोग पीछे हटने वाले नहीं हैं। हम ऐसा करके पूरे देश को दिखाएंगे।

-संजय सिंह, आप नेता

### निराशाजनक




आईपीएल की शीर्ष फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस को घरेलू मैदान पर अपमानित होते देखना निराशाजनक है। हार्दिक पंड्या कप्तानी और प्रदर्शन में संतुलन बिठाने में अभिभूत नजर आ रहे हैं।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर


# डेलावेयर में बैसाखी के मौके पर किया गया भांगड़ा



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के गृह राज्य डेलावेयर के सात जनप्रतिनिधियों के एक समूह ने बैसाखी पर्व के मौके पर सिख समुदाय के साथ जुड़कर भांगड़ा नृत्य प्रस्तुत किया। सभी जनप्रतिनिधि परंपरागत पंजाबी पोशाक पहनकर आये थे। इस समूह में डेलावेयर सीनेट में बहुमत दल के नेता ब्रायन टाउनसेंड, सीनेट बहुमत दल की सचेतक एलिजाबेथ लॉकमैन, सीनेटर स्टेफनी हांसेन, सीनेटर लॉरा स्टुरगियोन और राज्य प्रतिनिध पॉल बॉमबैश, शैरी डोर्सी वॉकर और सॉफी फिलिप्स शामिल थीं। एक जनप्रतिनिधि के सहयोगी भी इस प्रस्तुति में समूह का हिस्सा बने। टाउनसेंड ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के समूह ने भांगड़ा प्रशिक्षक भारतीय अमेरिकी विश्वास सिंह सोढ़ी से दो महीने करीब 30 घंटों तक नृत्य सीखा था। उन्होंने कहा, 'हमने करीब दो महीने में 30 घंटे तक अभ्यास किया था। हम आठ लोग थे। हमने साथ मिलकर जितना हो सकता था अभ्यास किया और हमारे पास विश्वास सिंह जैसे एक बेहद शानदार कोच थे।' जनप्रतिनिधियों द्वारा पहनी गयी पोशाक भारत में सिली गयी थी और वहीं से मंगवाई गयी थी। टाउनसेंड ने प्रस्तुति के बाद बताया, 'हमें इस बात की खुशी है कि (भांगड़ा करते वक्त) हममें से कोई भी नहीं गिरा।

## ऑफ बीट

# समुद्र में दुष्ट लहरें होती हैं विशाल लहरें



दुष्ट लहरें समुद्र की बहुत विशाल लहरें होती हैं – अपने आसपास की लहरों से दोगुनी ऊंची – जो कहीं से भी प्रकट होती हैं। दस मंजिला इमारतों जितने ऊँचे पानी के अकल्पनीय पहाड़ों की कहानियाँ सदियों से समुद्री लोककथाओं और साहित्य में व्याप्त हैं। हाल की तकनीक ने वैज्ञानिकों को समुद्र में लहरों का पता लगाने में सहायता दी है, जिससे किंवदंती वास्तविकता बन गई है। पहला और सबसे प्रसिद्ध माप ड्रापनर लहर का था, जो 1 जनवरी 1995 को उत्तरी सागर में 25.6 मीटर का राक्षस दर्ज किया गया था। अवलोकनों के बावजूद, हम अभी भी नहीं जानते कि दुष्ट लहरें कितनी बार उठती हैं, या क्या हम उनकी भविष्यवाणी कर सकते हैं। दुष्ट लहर के रिकॉर्ड में ऐसी कोई खास विशेषताएं शामिल नहीं होती हैं, जो इसे इसके चारों ओर के समुद्र को अलग करती हैं, इसलिए हम तुलना नहीं कर सकते हैं या इसके बनने के लिए जरूरी आवश्यक स्थितियों की भविष्यवाणी नहीं कर सकते हैं। हमारी टीम दक्षिणी महासागर में दुष्ट लहरों का पीछा करने के लिए दक्षिण अफ्रीकी आइसब्रेकर एस.ए. अगुलहास–I पर रवाना हुई, जहां शक्तिशाली हवाएं पृथ्वी की सबसे भयंकर लहरों को आकार देती हैं। दुष्ट लहरें क्या पैदा करती हैं?

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



## पीएम का हमला-कांग्रेस के युवराज उत्तर प्रदेश में अपनी सीट सुरक्षित कर परिवार के गौरव की रक्षा करने में नाकाम

# 10 वर्ष का काम ट्रेलर बहुत कुछ करना बाकी

त्रिशूर (केरल) (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के पिछले दशक में जो काम हुआ है वह महज एक ट्रेलर है और इस दक्षिण राज्य तथा देश की प्रगति के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। नजदीकी कुन्नामकुलम में राजग द्वारा आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा जो अभी लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार के वास्ते केरल में हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता पर उत्तर प्रदेश में अपने परिवार की सीट न बचा पाने और करुवन्नूर बैंक घोटाले पर चुप रहने का आरोप लगाया।



### ये केरल की प्रगति का साल

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''पिछले 10 वर्ष में जो हुआ है वह महज ट्रेलर है क्योंकि केरल तथा भारत के लिए और बहुत कुछ किया जाना बाकी है।'' उन्होंने कहा कि यह केरल में प्रगति का साल होगा। उन्होंने भाजपा के चुनाव घोषणापत्र में किए गए विभिन्न वादों तथा विकास कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए इसे 'मोदी की गारंटी' बताया, जिसे रविवार को जारी किया गया था। राहुल गांधी का नाम लिए बगैर मोदी ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र के संदर्भ में कहा कि ''कांग्रेस के युवराज'' उत्तर प्रदेश में अपनी सीट सुरक्षित कर परिवार के गौरव की रक्षा करने में नाकाम रहे और वोट मांगने केरल में आए हैं।

### करुवन्नूर बैंक में करोड़ों के घोटाले पर चुप रहे

अमेठी सीट वर्षों तक कांग्रेस का गढ़ रही थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता केरल के लोगों से वोट मांगेंगे लेकिन उनके हितों में अपनी आवाज नहीं उठाएंगे। उन्होंने कहा कि वह राज्य की सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) द्वारा नियंत्रित करुवन्नूर सहकारी बैंक में करोड़ों रुपये के घोटाले पर चुप हैं। उन्होंने प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की राजनीतिक शाखा सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) द्वारा लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस को दिए समर्थन को लेकर भी पार्टी की आलोचना की। कांग्रेस और एसडीपीआई के बीच 'साठगांठ' है, जो कि राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए भारत में एक प्रतिबंधित संगठन की राजनीतिक इकाई है।

## राहुल का पलटवार-भारत को आजादी इसलिए नहीं मिली कि आरएसएस की विचारधारा का उपनिवेश बना दिया जाए

# एक नेता और एक विचार हर भारतीय का अपमान

वायनाड (केरल) (भाषा)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार को यहां चुनाव प्रचार के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा, पीएम मोदी और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधा और कहा कि भारत को अंग्रेजों से आजादी इसलिए नहीं मिली थी कि संघ परिवार की विचारधारा का उपनिवेश बना दिया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिर्फ एक राष्ट्र, एक भाषा व एक नेता को मानते हैं और ''यह हमारे देश को लेकर (उनकी) एक मूलभूत गलती है।'



### कांग्रेस राज्य और देश में वापसी करेगी

वायनाड में पार्टी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को संबोधित करते हुए सांसद राहुल गांधी ने विश्वास जताया कि कांग्रेस राज्य और केंद्र दोनों सत्ता में वापसी करेगी। वायनाड से सांसद राहुल ने कहा, ''भारत फूलों के गुलदस्ते की तरह है और हर एक (फूल) का सम्मान किया जाना चाहिए क्योंकि यह पूरे गुलदस्ते की सुंदरता को बढ़ाता है।'' उन्होंने कहा, ''भारत में केवल एक ही नेता होना चाहिए, यह विचार प्रत्येक युवा भारतीय का अपमान है।' भाषा का उदाहरण देते हुए राहुल ने कहा कि यह ऐसी चीज नहीं है, जिसे ऊपर से थोप दिया जाए बल्कि यह व्यक्ति के दिल के भीतर से निकलनी वाली चीज है।

### किसी की भाषा को कमतर बताना उसका अपमान

राहुल ने एक खुले वाहन से कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, ''उदाहरण के तौर पर केरल के किसी व्यक्ति से यह कहना कि आपकी भाषा हिंदी से कमतर है, केरल के लोगों का अपमान है। यह कुछ ऐसा है कि आपके दिल से जो निकल रहा है वह उत्तर प्रदेश के किसी व्यक्ति के दिल से निकलने वाली बात से कमतर है।'' उन्होंने कहा कि मानो ऐसा है फूलों के गुलदस्ते को देख रहे हैं और लाल गुलाब से कह रहे हैं कि ''हमें तुम्हारा लाल होना पसंद नहीं है इसलिए हम चाहते हैं कि तुम सफेद हो जाओ।'' राहुल ने कहा, ''यह फूलों के गुलदस्ते को कहने जैसा है कि हम चाहते हैं कि सभी फूल सफेद हों।'' कांग्रेस नेता ने कहा कि मलयालम सिर्फ एक भाषा नहीं बल्कि सभ्यता से जुड़ी एक कड़ी है।

## चुनावी आरोप-प्रत्यारोप

### टीएमसी 'राष्ट्र विरोधी ताकतों' के साथ : ठाकुर



सिलीगुड़ी (प.बंगाल) (भाषा)। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर ''राष्ट्र विरोधी ताकतों'' को शरण देने और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार करने वालों का ''समर्थन'' करने का आरोप लगाया। सिलीगुड़ी में मंत्री ने सवाल उठाया कि राज्य या देश में कहीं भी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने वाले लोगों को ''पश्चिम बंगाल में सुरक्षा और शरण'' क्यों मिलती है। उन्होंने पूछा, ''ऐसा क्यों है। ठाकुर ने कहा, ''ममता बनर्जी की नाक के नीचे भ्रष्टाचार पनपता है और महिलाओं पर अत्याचारों को नजरअंदाज किया जाता है।'' ठाकुर ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में संदेशखालि में वसूली, जमीन हथियाने और महिलाओं के खिलाफ यौन शोषण के मामलों का भी उल्लेख किया।

### देश में धर्म की आड़ में अत्याचार हो रहे : मायावती



पीलीभीत/मुरादाबाद (उप्र) (भाषा)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने देश में धर्म और हिंदुत्व की आड़ में अत्याचार होने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि देश की जनता इस लोकसभा चुनाव में "नाटक, जुमलेबाजी या गारंटी" के झांसे में नहीं आएगी । पीलीभीत और मुरादाबाद में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए बसपा अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र में सत्ता में आने पर अन्य पार्टियों के विपरीत उनकी पार्टी जमीनी स्तर पर ठोस काम करेगी जैसा कि उसने सत्ता में रहते हुए उत्तर प्रदेश में किया था। उन्होंने पीलीभीत में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इस चुनाव में कोई नया या पुराना नाटक, जुमलेबाजी या गारंटी काम नहीं करेगी।

### उमर ने आजाद को दी चुनाव लड़ने की चुनौती



जम्मू (भाषा)। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद को चुनौती दी कि वह ''कैमरे के पीछे छिपने'' और उनकी पार्टी को निशाना बनाकर बयान देने के बजाय उनके खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ें। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला उत्तरी कश्मीर के बारामूला संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। वह वर्तमान में 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) गठबंधन के उम्मीदवार चौधरी लाल सिंह के लिए समर्थन जुटाने के वास्ते चिनाब घाटी क्षेत्र के चार दिवसीय दौरे पर हैं। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री आजाद को अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से डीपीएपी उम्मीदवार के रूप में नामित किया गया था।

### अगर मैं चुनाव लड़ूंगी तो बठिंडा से लड़ूंगी : हरसिमरत



चंडीगढ़ (भाषा)। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने सोमवार को कहा कि जीतने योग्य समझे जाने वाले उम्मीदवारों को टिकट देना पार्टी का विशेषाधिकार है, लेकिन अगर वह इस लोकसभा चुनाव में मैदान में उतरीं, तो केवल बठिंडा संसदीय सीट से लड़ेंगी। सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व वाले शिअद ने अभी तक बठिंडा लोकसभा सीट से उम्मीदवार का नाम घोषित नहीं किया है, जिसका प्रतिनिधित्व वर्तमान में हरसिमरत कर रही हैं। पार्टी ने 13 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब की गुरदासपुर, आनंदपुर साहिब, फतेहगढ़ साहिब, पटियाला, संगरूर, अमृतसर और फरीदकोट सीट पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की थी।

## मणिपुर में समुदायों को साथ लेकर शांति स्थापित करना केंद्र की प्राथमिकता : शाह




इम्फाल (भाषा)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार की प्राथमिकता जातीय संघर्ष प्रभावित मणिपुर में शांति स्थापित करना है। शाह ने इम्फाल में एक जनसभा में कहा कि यह लोकसभा चुनाव मणिपुर को तोड़ने की कोशिश करने वाली ताकतों और इसे एकजुट रखने वालों के बीच है। भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने दावा किया कि पूर्वोत्तर राज्य की जनसांख्यिकी को बदलने के लिए घुसपैठ के प्रयास किए गए। शाह ने कहा, ₹सभी समुदायों को साथ लेकर और राज्य को तोड़े बिना मणिपुर में शांति स्थापित करना नरेन्द्र मोदी सरकार की प्राथमिकता है।₹ पिछले साल तीन मई को मणिपुर में जातीय झड़प शुरू होने के बाद कम से कम 219 लोग मारे गए थे, जब मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' आयोजित किया गया था।

### पूर्वोत्तर को 98,000 करोड़ की मिलीं परियोजनाएं

2014 से पहले, देश में केवल 90 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय थे और 10 वर्षों में मोदी सरकार ने आदिवासी छात्रों की शिक्षा के लिए पूरे भारत में 740 ऐसे स्कूल स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि 21 प्रतिशत घर इसके अंतर्गत हैं। केंद्र में कांग्रेस सरकार के दौरान, त्रिपुरा को 40,000 करोड़ की परियोजनाएं मिलीं।

### भारत में 'राम राज्य' की शुरुआत हो गई है इसे कोई नहीं रोक सकता : राजनाथ सिंह



कठुआ (भाषा)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि 'राम राज्य' ने देश में जड़ें जमानी शुरू कर दी है और कोई भी इसे साकार होने से कोई नहीं रोक सकता। केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी जितेंद्र सिंह के समर्थन में कठुआ के बसोहली में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने अनुच्छेद-370 को निरस्त करना, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और सीएए को लागू करने जैसे वादे पार्टी द्वारा पूरे किए जाने का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि देश के लिए राजनीति कर रही है, जिसने जनता और नेताओं के बीच विश्वास की कमी के कारण पैदा हुई बड़ी मुश्किल से देश को बाहर निकाला है। सिंह ने आश्वस्त किया कि सीएए लागू होने के बाद किसी भी भारतीय नागरिक की नागरिकता समाप्त नहीं होगी।

### ममता ने निर्वाचन आयोग पर लगाया भाजपा के लिए कार्य करने का आरोप



कूच बिहार/अलीपुरद्वार (भाषा)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का 'पक्ष' लेने के लिए निर्वाचन आयोग की आलोचना की और चेतावनी दी कि यदि राज्य में एक भी दंगा हुआ तो वह आयोग के कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल शुरू कर देंगी। अलीपुरद्वार में एक रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने निर्वाचन आयोग पर भाजपा के इशारे पर मुर्शिदाबाद के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) को हटाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''आज भी, केवल भाजपा के निर्देश पर मुर्शिदाबाद के डीआईजी को बदल दिया गया। अब अगर मुर्शिदाबाद और मालदा में दंगे होते हैं, तो जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग की होगी। भाजपा दंगे और हिंसा भड़काने के लिए पुलिस अधिकारियों को बदलना चाहती है।



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केरल दौरे पर उनकी रैली में अपना समर्थन देने के लिए पहुंची एक छोटी बच्ची। प्रधानमंत्री मोदी को लेकर हर किसी में जबरदस्त क्रेज है। बच्चे से लेकर बूढ़े तक हर कोई उनके साथ जुड़ना चाहता हैं।*

### यूसीसी लागू करेगी भाजपा : गोयल

मुंबई (भाषा)। केंद्रीय मंत्री एवं मुंबई उत्तर लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार पीयूष गोयल ने कहा कि उनकी पार्टी तीसरी बार सत्ता में आने के बाद देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करेगी। गोयल ने यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं के साथ बातचीत में पार्टी के घोषणापत्र की विपक्षी दलों की निंदा को भी खारिज कर दिया और कहा कि इससे उनकी हारने वाली मानसिकता का पता चलता है। उन्होंने कहा, ''भाजपा देश में यूसीसी लागू करने के लिए संकल्पबद्ध है और हम इसे लागू करेंगे। उत्तराखंड सरकार इस पर पहले ही काम कर चुकी है।'' मोदी ने घोषणापत्र जारी किया, इसमें विकसित भारत के अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया गया है।

## सियासी घमासान

### राजग को वोट दें जो 'गुंडाराज' खत्म कर देगा : योगी



औरंगाबाद (भाषा)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बिहार के मतदाताओं से राज्य में ''गुंडा राज'' और ''परिवारवाद की राजनीति'' को खत्म करने के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को वोट देने की अपील की। बिहार के औरंगाबाद में भाजपा प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के पक्ष में एक रैली को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, ''राजद शासनकाल में बिहार के लोगों के लिए अपनी पहचान का संकट पैदा हो गया था और वही गुंडाराज को फिर से लागू करने का उन्होंने (राजद नेताओं ने) प्रयास किया। देखिए उत्तरप्रदेश में कैसे गुंडों का उपचार हो रहा है। वहां अगर बेटियों और व्यापारियों के साथ कोई छेड़छाड़ और परेशान करता है तो उसे वहां उल्टा लटका दिया जाता है।

### राजस्थान में बरसीं प्रियंका गांधी



### भाजपा जनता के अधिकार छीन रही

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। राजस्थान में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश में संविधान बदलने की बात इसलिए हो रही है क्योंकि भाजपा के लोग जनता के अधिकार छीनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 10 साल के शासन और झूठे वादों के बाद उनकी बातें अब हल्की लगने लग गई हैं। प्रियंका गांधी बांदीकुई (दौसा) में चुनावी सभा को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर कई हमले किए।

### जमीन से लेकर आसमान तक किया घोटाला, कांग्रेस ने देश को गर्त में डाला

उत्तराखंड लोकसभा चुनाव के दौरान मसूरी में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में जमीन से लेकर आसमान तक सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ है। यूपी में गोमती रिवर घोटाला, लैपटॉप घोटाला किया, लालू ने जमीन के बदले नौकरी, चारा घोटाला किया, ममता बेनर्जी सरकार में घोटाले हुए हैं। इंडिया गठबंधन के कई नेता या जेल में हैं या बेल पर हैं। कांग्रेस शासनकाल में देश को काफी नुकसान उठाना पड़ा। मोदी सरकार ने देश को विकसीत राष्ट्र बनाने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं।



#### अर्थशास्त्र जरूरी या मानवता

देहरादून। नड्डा ने कहा कि पहले लोग ये तय नहीं कर पाए कि अर्थ जरूरी है, अर्थशास्त्र जरूरी है या मानवता जरूरी है। 10 वर्ष पहले राजनीति का रवैया उदासीन भरा था, लेकिन मोदी ने राजनीति की परिभाषा, संस्कृति, चाल-ढाल, तौर-तरीका और राजनीतिक दृष्टि से संकल्प की परिभाषा बदल दी है।


# हॉट सीट बस्तर : भाजपा व कांग्रेस में सियासी वर्चस्व की जंग

ओ.पी. पाल ▶▶| नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ की नक्सलवाद से प्रभावित आदिवासी क्षेत्र की बस्तर लोकसभा सीट पर सियासी वर्चस्व के लिए भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। दरअसल करीब 70 फीसदी आदिवासी समुदाय वाली बस्तर लोकसभा सीट पर करीब ढ़ाई दशक तक भाजपा के टिकट पर लगातार कश्यप परिवार का कब्जा रहा है। लेकिन पिछले चुनाव में भाजपा के इस विजय रथ को कांग्रेस ने रोकते हुए इस सीट पर जीत दर्ज की थी। शायद यही वजह रही कि भाजपा ने इस सीट पर वापसी करने की रणनीति के तहत आदिवासियों में पैंठ रखने वाले महेश कश्यप को अपना प्रत्याशी बनाया है। दूसरी ओर कांग्रेस ने भी एक ऐसे ही आदिवासियों में प्रभावशाली नेता कवासी लखमा को चुनाव मैदान में उतारकर भाजपा को इस सीट पर पटखनी देने की रणनीति बनाई है। हालांकि इस सीट पर 11 प्रत्याशी चुनावी जंग में हैं, लेकिन यह चुनावी नतीजे बताएंगे कि इस सीट पर बाजी किसके हाथ होगी?

## भाजपा के सामने अपने विजय रथ को पटरी पर लाने की होगी चुनौती

छत्तीसगढ़ के अलग राज्य के अस्तित्व में आने के बाद अभी तक हुए चार लोकसभा चुनाव में बस्तर लोकसभा सीट पर तीन आम चुनाव और एक उप चुनाव में भाजपा का ही परचम लहराया है। भाजपा और कांग्रेस के दोनों प्रत्याशियों में राजनीतिक अनुभव के लिहाज से कांग्रेस का प्रत्याशी कवासी लखमी मजबूत है, जो बस्तर लोकसभा सीट के अंतर्गत कोंटा विधानसभा सीट से लगातार छह बार विधायक चुने गये और कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार में मंत्री भी रहे। कांग्रेस के ये नेता वहीं है, जो इस सीट पर 2011 में लोकसभा सीट के उपचुनाव में भाजपा के दिनेश कश्यप से हार गये थे, जिसके पास उस हार का बदला लेने का भी मौका है। जबकि पहली बार चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप की इस सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के सामने अग्नि परीक्षा होगी, लेकिन कांग्रेस के सामने भी चुनौती कम नहीं होंगी। इस सीट पर भाजपा व कांग्रेस के मुकाबले में सेंध लगाने के मकसद से भाकपा के फूल सिंह कचलाम, बसपा आयतू राम मंडावी तथा जीजीपी के टीकम नागवंशी समेत 11 प्रत्याशी चुनावी जंग में हैं।



### भाजपा को इसलिए जीत की उम्मीद

भाजपा को बस्तर लोकसभा सीट पर इसलिए जीत की उम्मीद है कि पांच माह पहले ही छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बहुमत हासिल करके सरकार बनाई है। वहीं बस्तर लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली आठ विधानसभा सीटों में पांच सीटो पर भाजपा का कब्जा है। बस्तर लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली आठ विधासभा सीटों में कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, जगदलपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा शामिल है। इनमें बस्तर, कोंटा और बीजापुर में कांग्रेस विधायक है।

### निर्णायक भूमिका में महिला वोटर



### बस्तर का चुनावी इतिहास

छत्तीसगढ़ की अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित बस्तर लोकसभा सीट पर साल 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी दीपक बैज ने भाजपा के गढ़ में सेंध लगाकर जीत हासिल की थी। इससे पहले मध्य प्रदेश के विभाजन से पहले 1998 के चुनाव से ही बस्तर सीट पर लगातार भाजपा के बलिराम कश्यम लगातार चार बार सांसद रहे, लेकिन उनके निधन के बाद 2011 में इस सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा के टिकट पर बलिराम कश्यम के पुत्री दिनेश कश्यप लोकसभा पहुंचे, जिन्होंने कांग्रेस के कवासी लखमा को ही पराजित किया था। दिनेश कश्यप साल 2014 के लोकसभा चुनाव में भी इस सीट पर चुनाव जीतकर संसद पहुंचे, लेकिन पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपना प्रत्याशी बैदूराम कश्यप को बनाया, जो कांग्रेस के दीपक बैज से पराजित हो गये।

### कौन हैं भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी



महेश कश्यप



कवासी लखमा

छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्र की बस्तर लोकसभा सीट(एसटी) पर एक दूसरे को चुनावी जंग में टक्कर दे रहे भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप और कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा दोनों ही आदिवासियों में अपनी पैंठ रखते हैं। भाजपा नेता महेश कश्यप इससे पहले पहले 2014 से 2019 तक सरपंच रहे हैं और अब सीधे पहली बार भाजपा के टिकट से लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। कश्यप हिंदू परिषद व बजरंग दल के सक्रीय सदस्य हैं। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा इसी लोकसभा क्षेत्र के दायरे में आने वाली कोंटा विधानसभा सीट से छह बार विधायक चुने जा चुके हैं और भूपेश बघेल सरकार में मंत्री भी रहे। पिछले विधानसभा चुनाव में भी वे छठी बार विधायक बने। खास बात ये भी है कि महेश कश्यप ने दसवीं तक की शिक्षा ग्रहण की है, तो राजनीतिक अनुभव वाले कवासी लखमा कभी स्कूल ही नहीं गये।

| कुल मतदाता | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता | दिव्यांग मतदाता | सर्विस मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| 14,72,207 | 7, 000476 | 7,71,679 | 12703 | 1603 |

छत्तीसगढ़ की बस्तर लोकसभा सीट पर चुनावी जंग में उतरे 11 प्रत्याशियों को 14,72,207 मतदाताओं के चक्रव्यूह को भेदने की चुनौती होगी, जहां 7 लाख 476 पुरुष मतदाताओं के मुकाबले कहीं ज्यादा 7,71,679 महिला मतदाताओं की अहम भूमिका होगी। इसके अलावा इस सीट पर 52 ट्रांसजेंडर और 12703 दिव्यांगों के अलवा 1603 सर्विस मतदाता भी मतदान करेंगे। चुनाव के लिए बस्तर सीट पर 1961 मतदान केन्द्र स्थापित किये गये हैं। यह भी गौरतलब है कि इस क्षेत्र के हर चुनाव में महिलाएं ही पुरुषों से ज्यादा वोटिंग में हिस्सा लेती आ रही हैं। यही कारण है कि सभी राजनीतिक दलों का फोकस महिलाओं पर रहता है। चुनाव आयोग ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तथा शतप्रतिशत मतदान कराने की दिशा में व्यापक प्रबंध किये हैं, जहां कड़ी सुरक्षा के साये में मतदान कराया जाएगा।

### आप लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली में 200 'संकल्प सभा' करेगी



नई दिल्ली (भाषा)। आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली में लोकसभा चुनाव से पहले चार संसदीय क्षेत्रों में कुल 200 'संकल्प सभा' करेगी। इस दौरान वह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ लोगों से समर्थन मांगेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता गोपाल राय ने सोमवार को यह जानकारी दी। दिल्ली में 'आप' का कांग्रेस के साथ समझौता हुआ है। इसके तहत पार्टी चार लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रही है, जबकि तीन सीट पर कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार उतारे हैं। राय ने यहां आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि चार लोकसभा क्षेत्रों के तहत 40 विधानसभा क्षेत्रों में यह 'संकल्प सभा' की जाएगी, जिसमें 'आप' के वरिष्ठ नेता और मंत्री शामिल होंगे। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और गोपाल राय 'संकल्प सभाओं'की अध्यक्षता करेंगे। पार्टी के मुताबिक, राय ऐसी पहली सभा पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत विश्वास नगर विधानसभा क्षेत्र में करेंगे।

## ईरान-इजराइल की लड़ाई में दुनिया दो धड़ों में बंटी

# ईरानी हमले का जवाब देगा इजराइल, ब्रिटेन का भी मिला साथ, रूस ने कहा... हम ईरान के साथ, भारत की हिंसा से दूर रहने की अपील

एजेंसी ▶▶ यरुशलेम

ईरान और इजराइल की लड़ाई ने दुनिया को एक बार फिर दो धड़ों में बांट दिया है। ईरान के हमले के बाद अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस डटकर इजराइल के पाले में खड़े हो गए। वहीं, रूस ने कहा है कि अगर अमेरिका ने इजराइल का साथ दिया तो वह ईरान का साथ देगा। ईरान के हमले के बाद इजराइल में रविवार को इजराइली वॉर कैबिनेट की मीटिंग हुई और इसमें इस बात पर सहमति बन गई है कि इजराइल काउंटर अटैक करेगा। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनका देश किसी भी स्थिति के लिए तैयार है। इजराइल, ईरान पर कब हमला करेगा, इस बात का खुलासा नहीं हुआ है। वहीं, इजराइल का साथ देने के लिए इजराइल के विदेश मंत्री काट्ज ने ब्रिटिश विदेश सचिव और फ्रांस के विदेश मंत्री को धन्यवाद दिया है।



### ब्रिटेन ने इजराइल का किया समर्थन



ब्रिटेन ने इजराइल का खुलकर समर्थन किया है। ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक ने कहा कि ब्रिटेन, इजराइल और अपने सभी क्षेत्रीय भागीदारों की सुरक्षा के लिए खड़ा रहेगा। युद्ध के खतरे को देखते हुए यूके ने भी कई रॉयल एयरफोर्स जेट और टैंकरों को क्षेत्र में भेज दिया है। यूके सरकार तनाव दूर करने के लिए अन्य सहयोगी दलों के साथ काम कर रही है।

### काउंटर अटैक में इजराइल का साथ नहीं देगा अमेरिका



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जी-7 नेताओं के साथ एक कॉन्फ्रेंस कॉल की। उन्होंने जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला और इजराइल के पीएम नेतन्याहू के टेलीफोन पर बातचीत की। बाइडेन ने इजराइल को कहा है कि अगर इजराइल ने ईरान पर जवाबी कार्रवाई की तो अमेरिका इसमें उनका साथ नहीं देगा।

### हम खुलकर ईरान को समर्थन देंगे: रूस



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि वह ईरान और इजराइल मामले में दखल नहीं दें। पुतिन ने कहा कि अगर ईरान पर इजराइल के काउंटर अटैक में अमेरिका शामिल होता है तो या किसी तरह से मदद करता है तो हम हाथ पर हाथ रखकर नहीं बैठेंगे। हम खुलकर ईरान के समर्थन में खड़े हो जाएंगे।

### हिंसा से दूर रहें, कूटनीति के रास्ते वापस आएं: भारत

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को इजराइली समकक्ष काट्ज और ईरानी समकक्ष हुसैन अमीर-अबदुल्लानह्यान के साथ फोन पर बात की। जयशंकर ने कहा



कि मैंने घटनाक्रम पर अपनी चिंता शेयर की। व्यापक क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा की। साथ ही, तत्काल तनाव कम करने की अपील की। हम इजराइल और ईरान के बीच शत्रुता से ज्यादा चिंतित हैं। इससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को खतरा है। मंत्रालय ने सभी से हिंसा से दूर रहने और कूटनीति की अपील की है।

**भारत ने हर देश से बनाए रिश्ते**

भारत ने मिडिल ईस्ट के अब प्रमुख क्षेत्रीय अभिनेताओं - मिस्र, ईरान, इजराइल, कतर, तुर्की, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात - के साथ अपने जुड़ाव को संतुलित कर लिया है।

## भारत में निर्मित हल्के लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों की विदेशों में बढ़ी मांग

# 'तेजस' और 'प्रचंड' पर आया फिलीपींस का दिल, अन्य देशों ने भी दिखाई रुचि

*भारत में निर्मित हल्के लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों की अपनी श्रेणी में बेहतरीन परफॉमेंस के चलते विदेशी खरीदारों में इसे खरीदने को लेकर काफी रुचि पैदा हुई है। निर्माता कंपनी एचएएल की कई देशों से इसे खरीदने को लेकर बातचीत चल रही है और जल्द ही पांच-छह देश इसे खरीदने को लेकर इच्छुक हैं।*



*तेजस की खरीद को लेकर अर्जेंटीना और मिस्त्र से चल रही बातचीत*

*भारतीय वायुसेना तेजस और प्रचंड का कर रही है उपयोग*

*97 एलसीए की खरीद के लिए एचएएल को दिया ऑर्डर*

एजेंसी ▶▶ दिल्ली

भारत में निर्मित स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) 'तेजस' और हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) 'प्रचंड' की लोकप्रियता पूरी दुनिया में लगातार बढ़ रही है।

इसे बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) का कहना है कि 'तेजस' अपनी श्रेणी में बेहतरीन परफॉमेंस होने की वजह से विदेशी खरीदारों में इसे खरीदने को लेकर काफी रुचि पैदा हुई है। एचएएल की कई देशों से इसे खरीदने को लेकर बातचीत चल रही है और जल्द ही पांच-छह देश इसे खरीदने को लेकर इच्छुक हैं। एचएएल ने हाल ही में गुयाना को डॉर्नियर-228 एयरक्राफ्ट भी डिलीवर किए हैं।

*पीएम मोदी ने तेजस में भरी थी उड़ान*



### प्रचंड को लेकर फिलीपींस उत्सुक

एचएएल चीफ को उम्मीद है कि एलसीए तेजस के साथ ही एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर प्रचंड की भी मांग बढ़ेगी। उन्होंने कहा, हेलीकॉप्टरों की डिमांड को लेकर हमें देर-सबेर सफलता मिलेगी। इस हेलीकॉप्टर का आर्म्ड वर्जन एमके4 वेरिएंट भी उपलब्ध है। 2023 में, फिलीपींस तट रक्षक बल ने एमओयू पर हस्ताक्षर करते हुए एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर एमके2 और भारत में निर्मित युद्धपोतों को लेकर गहरी रुचि दिखाई थी। पिछले साल फिलिपिनो तटरक्षक बल के प्रमुख ने अपनी भारत यात्रा के दौरान, गोवा में एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर एमके3 की उड़ान का एक डेमो भी लिया था।

### तेजस को लेकर बड़ा निर्यात ऑर्डर

एचएएल के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर सीबी अनंतकृष्णन ने उम्मीद जताई है कि एलसीए तेजस को लेकर बड़ा निर्यात ऑर्डर मिलने की अधिक उम्मीद है। उन्होंने कहा जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेजस में उड़ान भरी है, उसके बाद से दुनियाभर के देशों का ध्यान तेजस ने खींचा है, जिससे इसके निर्यात में और बढ़ोतरी मिलने की उम्मीद है। एक साक्षात्कार में सीबी अनंतकृष्णन ने कहा कि पांच-छह देशों ने रुचि दिखाई है। अर्जेंटीना के साथ इस पर अभी भी बातचीत चल रही है। फिलीपींस के साथ बातचीत अंतिम चरण में है। मिस्र के साथ भी हम चर्चा कर रहे हैं और नाइजीरिया के साथ बातचीत सकारात्मक है।

### हर साल बनेंगे 24 तेजस एमके1ए एयरक्राफ्ट

एचएएल को भारतीय वायु सेना से 83 एलसीए एमके1ए के ऑर्डर मिले हैं। रक्षा मंत्रालय 97 अतिरिक्त एलसीए की खरीद के लिए पहले ही एचएएल को टेंडर जारी कर चुका है। जिन्हें अगले तीन से चार सालों में डिलीवर किया जाएगा। एचएएल ने इसकी बढ़ती मांग को देखते हुए अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाई है, जिसके बाद सालाना उत्पादन क्षमता 8 एयरक्राफ्ट से 16 एयरक्राफ्ट हो जाएगी।

### नाइजीरिया के साथ बातचीत अंतिम दौर में

*फिलीपींस के अलावा नाइजीरिया ने भी तेजस और प्रचंड के अलावा लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच) और एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) 'ध्रुव' में रुचि दिखाई है। 2023 में, नाइजीरिया ने भारत के साथ एक बिलियन अमेरिकी डॉलर के रक्षा सौदों को मंजूरी दी। नाइजीरियाई प्रतिनिधिमंडल ने एयरक्राफ्ट का डेमो देखा था, लेकिन अभी भी उन्हें उड़ाना बाकी है। इनकी खरीद के लिए बातचीत प्रक्रिया अभी प्रारंभिक चरण में है। एचएएल ने छह नाइजीरियाई सेना के विमान पायलटों को पहले चेतक हेलीकॉप्टरों पर प्रशिक्षित किया है। प्रशिक्षण का पहला चरण दिसंबर 2021 और दूसरा चरण दिसंबर 2022 में पूरा हो चुका है।*



## अज्ञात शख्स ने पादरी पर किया हमला, 4 घायल

एजेंसी ▶▶ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में सोमवार को एक बार फिर चाकूबाजी की घटना हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस घटना में 4 लोग घायल हुए हैं। सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें एक शख्स पादरी को चाकू मारता हुआ दिखाई दे रहा है। घटना सिडनी के क्राइस्ट द गुड शेफर्ड चर्च में हुई। यह घटना स्थानीय समयानुसार सोमवार रात को चर्च सर्विस के दौरान हुई। एक युवक ने चर्च के पादरी बिशप 'मार मारी इमैनुएल' पर चाकू से हमला कर दिया, जिसके बाद पूरे चर्च में भगदड़ मच गई। यह घटना लाइव स्ट्रीम में रिकॉर्ड हो गई। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही इलाके की घेराबंदी कर ली और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ की जा रही है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल हुए लोगों की उम्र 20 से 70 साल के बीच हैं। पुलिस ने लोगों को घटना स्थल पर जाने से मना किया है। पुलिस ने कहा कि बिशप समेत सभी चार घायलों की हालत खतरे से बाहर है और इन्हें कोई जानलेवा चोट नहीं पहुंची है। पुलिस ने कहा कि यह घटना सोमवार शाम को तब घटी जब 'चर्च सेवा' का प्रसारण किया जा रहा था।

- सिर और शरीर पर चाकू से वार

## नींद का अधिकार बुनियादी मानवीय आवश्यकता:अदालत

मुंबई (भाषा)। बंबई उच्च न्यायालय ने धनशोधन मामले में एक वरिष्ठ नागरिक से रात भर पूछताछ करने पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आलोचना करते हुए सोमवार को कहा कि सोने का अधिकार एक बुनियादी मानवीय आवश्यकता है, जिसका उल्लंघन नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने कहा कि बयान रात में दर्ज नहीं किए जाने चाहिए जब किसी व्यक्ति का संज्ञानात्मक कौशल क्षीण हो सकता है।




जोड़ों के दर्द के लिए नए-नए प्रयोग छोड़ो सबसे विश्वनीय डा. ऑर्थो तेल से नाता जोड़ो

Dr. Juneja's डा. ऑर्थो®
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment

क्या आप जानते हैं? बेहतर परिणाम के लिए डा. ऑर्थो तेल को जानू बस्ती थेरेपी में इस्तेमाल करने का तरीका

जानू बस्ती थेरेपी क्या है

वैसे तो घुटनों में दर्द के उपचार के लिए अनेकों प्रकार की दवाइयां, थेरेपी एवं सर्जरी के विकल्प मौजूद हैं, लेकिन इन्हीं में से एक है जानू बस्ती थेरेपी, जोकि ख़ासतौर पर घुटनों में होने वाले दर्द की समस्या को ठीक करने में सहायता करती है।

जानू बस्ती थेरेपी कैसे करनी चाहिये

इस थेरेपी को करने के लिए रोगी को सीधा लेटाया जाता है। फिर बेसन या चने के आटे को पर्याप्त मात्रा में पानी के साथ गूँथ लें, घुटनों के चारों ओर गुंथे हुए आटे की मोटी दीवार बनाएं। इसके बाद डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में इसमें भरें। रोगी स्थिर रहें एवं 15 से 20 मिनट तक डा. ऑर्थो तेल ऐसे ही भरा रहने दें। बेहतर परिणाम के लिए इस तेल को दोबारा प्रयोग में न लाएं एवं नए तेल का प्रयोग करें।

जानू बस्ती थेरेपी कैसे काम करती है

आयुर्वेद में तेल को वात दोष शांत करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटक माना जाता है। यह वात दोष के कारण पैदा होने वाली जोड़ों की तकलीफों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस पद्धति में डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में घुटनों पर स्थिर रखा जाता है और इस तुलना में यह घुटनों के ऊतकों में प्रवेश कर गतिशीलता बढ़ाने में सहायता करता है। बार-बार ऐसा करने पर जोड़ों के ऊतकों को बल मिलता है। यह प्रक्रिया हर सप्ताह एक से दो बार की जा सकती है।




24x7 Helpline: 78769 77777 | www.drorthooil.com
Available at all medical & general stores


## भारत ने निभाया 'पड़ोसी धर्म'



**काठमांडू।** भारत ने रविवार को नेपाल के विभिन्न संगठनों को 35 एंबुलेंस व 66 स्कूल बसें भेंट कीं। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नेपाल सरकार के वित्त मंत्री बर्षमान पुन की मौजूदगी में अधिकारियों को एंबुलेंस व स्कूल बसों की चाबियां अधिकारियों को सौंपीं। कुल 101 वाहनों में से दो एंबुलेंस भूकंप प्रभावित जजारकोट व पश्चिम रुकुम जिलों को सौंपी गईं।

## समुद्री जहाज ईंधन के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की तरफ बढ़ रही है दुनिया

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर



- भारत हाइड्रोजन उत्पादन में आगे बढ़ रहा
- पारंपरिक ईंधन अधिक कार्बन उत्सर्जन करते हैं

भारत ने नई प्रौद्योगिकियों और जहाज ईंधन के रूप में मेथनॉल और अमोनिया का उपयोग करने की क्षमता का पता लगाने के लिए वैश्विक पोत परिवहन उद्योग के साथ भागीदारी का आह्वान किया है। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि सिंगापुर के दौरे पर आए एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने यह मांग रखी है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल 'सिंगापुर समुद्री सप्ताह' में भाग लेने के लिए यहां आया है। इस सम्मेलन में दुनियाभर से 10 हजार से अधिक प्रतिनिधि शिरकत कर रहे हैं। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के संयुक्त सचिव भूषण कुमार ने कहा कि हम सभी नई प्रौद्योगिकियों के लिए सहयोग तलाशने और जहाजरानी उद्योग के हितधारकों के साथ जहाज ईंधन के रूप में मेथनॉल और अमोनिया का उपयोग करने की क्षमता का पता लगाने के लिए यहां हैं। मेथनॉल और अमोनिया को पारंपरिक समुद्री ईंधन का स्वच्छ विकल्प माना जाता है।

**मांग** | मणिपुर हिंसा के विस्थापितों ने की वोटिंग सुविधा देने की मांग

# सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई याचिका, बाधाएं आने का दिया हवाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर से जुड़ी एक याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में मांग की गई थी कि सर्वोच्च अदालत चुनाव आयोग (ईसीआई) को निर्देश दे कि वे जातीय हिंसा के कारण विस्थापित हुए 18,000 लोगों के लिए लोकसभा चुनाव में मतदान की व्यवस्था करे। जिन राज्यों में विस्थापित लोग रह रहे हैं, वहां-वहां चुनाव आयोग विशेष मतदान केंद्र स्थापित करे। मणिपुर में दो लोकसभा सीट है, जहां दो चरणों में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को मतदान होना है।

**खास बातें**

- लोगों ने चुनाव आयोग से निर्देश देने की मांग उठाई
- 18,000 लोगों के लिए चुनाव में मतदान की मांग की थी

### विधायकों ने चुनाव आयोग के सामने रखी थी बात




कुकी और मैतेई समूहों के नेताओं ने चुनाव आयोग के साथ भी यह मुद्दा उठाया था। जिन लोगों ने राज्य के बाहर शरण ली है, उनका कहना है कि अगर मतदान की व्यवस्था नहीं हो सकती है तो उन्हें डाक मतपत्रों के माध्यम से मतदान करने की अनुमति दी जानी चाहिए। मणिपुर के कुकी समुदाय से जुड़े दस विधायकों ने इस महीने की शुरुआत में चुनाव आयोग से कहा था कि राज्य के बाहर रह रहे विस्थापित लोगों को वहां से मतदान करने की अनुमति दी जाए, जहां वो रह रहे हैं।

### मैतेई समूह ने डाक मतपत्र की व्यवस्था मांगी

*उधर, एक मैतेई समूह ने भी इस बारे में चुनाव आयोग को पत्र लिखकर अनुरोध किया कि राज्य के बाहर रहने वाले मणिपुर के मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र की व्यवस्था की जाए। समूह से जुड़े लोगों ने कहा कि राज्य के बाहर रहने वाले मतदाताओं के लिए महंगी उड़ानें लेना असंभव है और सड़क यात्रा पूरी तरह से असुरक्षित है।*

### सीजेआई की पीठ ने सुनवाई की

*मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की तीन सदस्यीय पीठ ने मणिपुर निवासी नौलक खामसुअनथांग सहित अन्य लोगों की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अदालत के हस्तक्षेप के कारण मणिपुर में लोकसभा चुनाव कराने में बाधाएं आ सकती हैं।आपने अंतिम समय में याचिका दायर की है। ऐसे में क्या ही किया जा सकता है। हम इस मामले में हस्तक्षेप नहीं कर सकते।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25